testbook

# WIN

आपकी सफ़लता हमारा संकल्प

~~₹25~~ FREE!

Introductory Issue
April 2017

# SBI PO 2017
# जानिए English सेक्शन कैसे Tackle करें!

IITians द्वारा शुरू की गयी Testbook.com,
Online Exams की तैयारी के लिए छात्रों की पहली पसंद है।
पूरे भारत में 30 लाख से भी ज़्यादा छात्र सरकारी भर्ती परीक्षाओं
के लिए Testbook use करते हैं।

testbook

Exam Preparation Simplified!
Practice, Analyze & Improve

www.testbook.com | Download App

# Testbook Android App

**Online परीक्षाओं की तैयारी में आपका साथी**

Boost Your Preparation For Govt. Exams

GET IT ON Google Play

GIVE A MISSED CALL: 9699492717




कभी भी, कहीं भी ऑनलाइन सेट लगाएं

40,000 से ज़्यादा Free Questions with Solutions

परीक्षाओं के टिप्स और Notifications आपके फ़ोन पर

testbook

www.testbook.com

# Table of Contents


01 स्मार्ट स्ट्रेटजी
SBI PO Prelims 2017

अंग्रेज़ी के लिए Time Management
SBI PO Prelims 2017 04

07 CLOZE TEST कैसे हल करें -
स्ट्रेटजी, उदाहरण व Mini Quizzes के साथ

ERROR SPOTTING कैसे हल करें -
स्ट्रेटजी, उदाहरण व Mini Quizzes के साथ 13

18 READING COMPREHENSION कैसे हल करें -
स्ट्रेटजी, उदाहरण व Mini Quizzes के साथ

Word List और Memory Tips 25

29 IPPB PO Prelims 2016
Memory - Based Question Paper

# Editor's Note

बहुत सारी सरकारी भर्ती परीक्षाएँ पेपर-पेन माध्यम से शिफ्ट होकर ऑनलाइन परीक्षाओं में बदल गयी हैं। इस बदलाव के कारण कंप्यूटर से अपरिचित छात्रों को खासी परेशानी हो रही है। छात्रों को इस परेशानी से निकालने और ऑनलाइन तैयारी का फायदा देने के लिए 6 II-Tians ने 2014 में Testbook की नींव रखी। Testbook का उद्देश्य ऐसा अनुभव देना है, जिससे ऑनलाइन तैयारी छात्रों की मजबूरी नहीं बल्कि पहली पसंद बन जाए। इसलिए, Testbook लगातार ऐसे शैक्षिक solutions लॉन्च करता रहता है, जो ऑनलाइन तैयारी को और भी आसान बनाए। Testbook के विशेषज्ञ बदलते एग्जाम पैटर्न और स्तर पर कड़ी नज़र रखते हैं, और समय रहते इन बदलावों को शामिल करते रहते हैं, ताकि छात्र परीक्षा के दिन surprise ना हों और अच्छा प्रदर्शन कर सकें।

जब Testbook के प्रतिनिधि छोटे शहरों के छात्रों से मिल रहे थे, उनको छात्रों को हो रहीं अन्य परेशानियों के बारे में समझ आया। जैसे, छात्र ऑनलाइन तैयारी के लिए कंप्यूटर/इन्टरनेट/बिजली इत्यादि के अभाव से जूझ रहे हैं। इसके लिए Testbook ने जगह-जगह ऑनलाइन टेस्ट सेंटर खोले, ताकि छात्र पॉवर कट या इन्टरनेट की परेशानी के बिना, वास्तविक परीक्षा माहौल में ऑनलाइन टेस्ट लगा सकें। ऐसी ही एक बड़ी परेशानी जो सामने आयी, वो थी कि छात्रों को ऑनलाइन परीक्षाओं के पैटर्न और स्तर में तेज़ी से आ रहे बदलावों के बारे में जानकारी नहीं है। वे अभी भी पुराने तरीकों और डिफिकल्टी लेवल के आधार पर तैयारी कर रहे हैं। जिसकी वजह से कई छात्र मेहनत करने के बावजूद भी परीक्षा में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। या तो वो किसी सेक्शन का cut-off पार नहीं कर पाते या अपेक्षा से कम स्कोर करते हैं।

**Transforming education requires a one of a kind product, we make the revolution a reality.**

हमारे विशेषज्ञों ने पिछले वर्ष के प्रश्नपत्रों को analyze करके पता लगाया है कि अगर हर परीक्षा की तैयारी एक रणनीति के साथ की जाये तो आप उतनी ही तैयारी में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। Testbook इन रणनीतियों को अपने पोर्टल पर प्रकाशित करता रहता है, लेकिन ऐसे छात्र जो केवल टेस्ट लगाने के लिए ऑनलाइन जाते हैं, इनके फायदे से अछूते रह जाते हैं। चूँकि Testbook का उद्देश्य सारे छात्रों की सहायता करना है, हमने इन रणनीतियों को एक मासिक पत्रिका के रूप में देश के कोने-कोने में पहुंचाने का निर्णय लिया है। इन रणनीतियों के माध्यम से छात्र प्रतिस्पर्धा में आगे निकल पायेंगे और अपने सपनों को साकार कर पायेंगे।

Testbook-WIN के इस अंक में हमारे विशेषज्ञों ने आगामी SBI PO परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों और टिप्स को बहुत ही वैज्ञानिक तरीके से समझाया है। इस अंश में पिछले वर्ष के paper के विश्लेषण और cut-off मार्क्स पर चर्चा की गयी है। साथ ही इस वर्ष के अपेक्षित पैटर्न के आधार पर बताया है कि प्रत्येक सेक्शन और प्रश्न में कितना समय देना चाहिए। इस अंक में पिछले वर्ष के टॉपर्स द्वारा अपनाई गयीं रणनीतियाँ भी discuss की गयी हैं। इस अंक का प्रमुख विषय अंग्रेज़ी सेक्शन है। हर साल बहुत सारे छात्र SBI PO परीक्षा में अंग्रेज़ी का cut-off पार नहीं कर पाते। इसलिए हमने इस अंक में आसानी से अंग्रेज़ी सेक्शन का cut-off पार करने की ऐसी रणनीतियाँ बतायी हैं, जिससे आप इस सेक्शन में कम से कम समय में ज्यादा से ज्यादा मार्क्स ला पायेंगे।

उम्मीद है कि आपको Testbook-WIN पत्रिका का यह अंक पसंद आएगा। अपने feedback और सुझाव हमें ज़रूर भेजें, ताकि अगले अंक में हम आपको और भी बेहतर तरीके और techniques सिखा पायें।

# SBI PO PRELIMS 2017 की स्मार्ट स्ट्रेटजी से तैयारी करें

*किसी भी परीक्षा में सफ़लता सही रणनीति पर निर्भर करती है| विशेषज्ञों के विश्लेषण पर आधारित रणनीति अपनाने से आप बदलते पैटर्न, difficulty level और कम्पटीशन को बेहतर तरीके से समझकर अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं|*

हर साल देश भर से लाखों छात्र SBI PO Preliminary परीक्षा में बैठते हैं| हालांकि, अधिकतर छात्र एक जैसी किताबें पढ़ते हैं, परीक्षा में वही छात्र सफल होते हैं जो सही रणनीति अपनाते हैं| **यदि आप स्मार्ट स्ट्रेटजी के साथ मेहनत करें, तो भारतीय स्टेट बैंक में प्रोबेशनरी ऑफिसर (PO) के रुप में आपका चयन निश्चित है|**

स्मार्ट स्ट्रेटजी का मतलब नीचे एक्सप्लेन किया गया है, जिसे आप इस मैगज़ीन में सीखेंगे|
**1. सही क्रम में प्रश्नपत्र हल करें**: जानें कि सर्वाधिक स्कोर के लिए पेपर किस सेक्शन से आरम्भ करें, ताकि आप निर्धारित समय में सबसे ज्यादा प्रश्न हल कर पाएंगे|
**2. सुनियोजित रहें**: अपनी पढ़ाई योजनाबद्ध तरीके से करें और नियमित Mock Tests हल करें|
**3. रणनीति से अभ्यास करें**: अपने कमजोर टॉपिक्स पहचानें और उसके अनुसार अभ्यास करें|
**4. समय की योजना बनायें**: प्रत्येक सेक्शन के लिए आदर्श समय वितरण जानें|

यह विशेष लेख SBI PO Prelims पेपर 2017 को सर्वश्रेष्ठ तरीके से हल करने का एक मानचित्र है| आइए अब हम इस स्ट्रेटजी के बारे में विस्तार से पढ़ें|

## स्मार्ट स्ट्रेटजी क्या है?

***परीक्षा में सफल होने के लिए आप जिस तरीके को अपनाते हैं, वह आपकी स्ट्रेटजी होती है|***

परीक्षा पत्र को हल करने के लिए भिन्न-भिन्न लोगों की स्ट्रेटजी भिन्न होती हैं| उदाहरण के लिए,
1. Reasoning सेक्शन को पहले हल किया और अंग्रेज़ी सेक्शन को अंत में|
2. अंग्रेज़ी सेक्शन को पहले हल किया और फिर Reasoning सेक्शन किया|
3. सबसे पहले आसान प्रश्न हल किए और फिर कठिन प्रश्न|

## स्मार्ट स्ट्रेटजी की आवश्यकता क्यों है?

स्मार्ट स्ट्रेटजी आपको,
1. अधिकतम प्रश्नों को हल करने में मदद करेगी
2. नेगेटिव मार्क्स से बचायेगी
3. निर्धारित समय सीमा में पेपर हल करने में मदद करेगी
4. Cut offs क्लियर करने में मदद करेगी|

लेकिन, स्मार्ट स्ट्रेटजी का फायदा तभी होगा जब आप इसको शुरू से विकसित करें और अपनी सारी तैयारी इसी के अनुसार करने का प्रयास करें| यदि आप नीचे दी गयी स्ट्रेटजी को अपनाएंगे तो SBI PO 2017 के prelims exam में उत्तीर्ण होने में सक्षम होंगे|

## आपके लिए सर्वश्रेष्ठ स्ट्रेटजी क्या है?

अब जब आप एक अच्छी योजना का महत्व जान गए हैं तो आपको अपने लिए सर्वोत्तम exam स्ट्रेटजी चुननी चाहिए| यदि आप गत वर्षों के प्रश्न पत्रों (जो कि अगले लेख में विस्तृत रुप से दिए गए हैं) को देखेंगे तो आपको पता चलेगा कि किसी भी सेक्शन की difficulty के स्तर में बदलाव हो सकता है लेकिन परीक्षा का स्तर लगभग एक समान रहता है|

**इस स्थिति में, जो छात्र केवल Quant और Reasoning पर ही ध्यान केन्द्रित किये रहेंगे उनका स्कोर उम्मीद से कम रह जायेगा| ऐसे में, छात्रों को एक बार फिर सोचने की आवश्यकता है|** ज़रा table no. 1.1 और 1.2 पर नज़र डालिए|

यह आपको पिछले वर्ष के SBI PO Prelims exam के पैटर्न के साथ सेक्शनल एवं overall cut-offs बताएँगे|

| Name of Section | Marks | Cut offs (Gen/ OBC) | Time |
|---|---|---|---|
| English | 30 | 8.75/6.00 | 1 hour |
| Reasoning | 35 | 7.00/4.25 | |
| Quant | 35 | 7.25/4.25 | |

***टेबल क्रमांक 1.1:** SBI PO Prelims परीक्षा 2016 का पैटर्न और सेक्शनल Cut offs*

| Category | Marks |
|---|---|
| General | 47.50 |
| OBC | 44.50 |
| SC | 38.75 |
| ST | 29.25 |
| OH | 36.00 |
| VH | 37.00 |
| HI | 15.75 |

***Table No. 1.2:** Overall cut offs - SBI Probationary Officer Prelims 2016*

• हर गलत उत्तर के लिए 0.25 मार्क्स काट लिए जाएंगे जिससे आपको बचने की आवश्यकता है।

• Prelims के स्कोर की ज़रूरत केवल Mains तक पहुँचने के लिए होती है और इसके लिए आपको **कुल मिलाकर 50-52 अंक लाने हैं।**

• चूँकि, फाइनल सिलेक्शन में Prelims के स्कोर की गणना नहीं होती, **आपको सबसे पहले उन प्रश्नों को चुनना चाहिए जिन्हें आप आसानी से हल कर सकते हैं + उन प्रश्नों को बाद के लिए छोड़ देना चाहिए जिनमें आपका कौशल कम है।**

50-52 अंक प्राप्त करने के लिए, आप निम्न graph में दी गयी किसी भी एक स्ट्रेटजी का पालन कर सकते हैं।




## अपने लिए सर्वश्रेष्ठ स्ट्रेटजी कैसे चुनें:

***यह चयन इस बात पर निर्भर करता है कि प्रत्येक सेक्शन में आप कितने मजबूत और तेज़ हैं। सामान्यत:, अंग्रेज़ी खंड में कम समय में अधिक प्रश्न हल किए जा सकते हैं।***

पिछले वर्ष, SBI ने Reasoning और Quant सेक्शन का कठिनाई स्तर बढ़ा दिया था। लेकिन समग्र स्तर को संतुलित करने के लिए अंग्रेज़ी को अपेक्षाकृत आसान भी बना दिया था। इसके फलस्वरूप, अंग्रेज़ी खंड के cut-offs में वृद्धि हो गयी थी।

यदि इस वर्ष भी Reasoning और Quant का स्तर ऊँचा रहा, तो ***अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए आपको अंग्रेज़ी में और भी अधिक प्रयास करना होगा।***

**अत: आपके लिए सर्वश्रेष्ठ स्ट्रेटजी होगी कि आप हमेशा अंग्रेज़ी खंड से अपनी परीक्षा शुरु करें।**

1. नियमित अभ्यास से, अंग्रेज़ी में कम समय में अधिक अंक प्राप्त कर सकते हैं।
2. अंग्रेज़ी में 12-15 अंक लाना आसान होता है, और आप बचे समय को आराम से Quant और Reasoning में लगा सकते हैं।

पहले Quant या Reasoning हल करने में समस्या यह है कि अंग्रेज़ी सेक्शन के लिए आपके पास अंत में केवल 8-10 मिनट बचते हैं, जिनमें आप जल्दबाजी के चक्कर में गलती कर सकते हैं और कभी-कभी cut-off क्लियर करना भी मुश्किल हो सकता है।

Table no. 1.3, SBI PO Prelims परीक्षा में छात्रों द्वारा सामान्यत: अपनाई जाने वाली स्ट्रेटजी और table no. 1.4, एक टॉपर द्वारा अपनाई स्ट्रेटजी को दर्शाते हैं।

***छात्रों द्वारा अपनाई गयी सामान्य स्ट्रेटजी:***

| Order of Attempt | Section | Max. Attempt (in this time) | Max. Score (After negative marking) | Target Score |
|---|---|---|---|---|
| 1st (30-35 mins) | Quant | 28-32 | 25-27 | 26-28 |
| 2nd (20-25 mins) | Reasoning | 20-22 | 11-13 | 12-14 |
| 3rd (8-10 mins) | English | 10-15 | 7-8 | 12-15 |
| Total (60 mins) | Overall | 58-69 | 43-48 | 50-57 |

***Table No. 1.3:** SBI PO Prelims 2016 के लिए छात्रों की सामान्य स्ट्रेटजी*

यदि आप table no. 1.3 व 1.4 में दी गयी दोनों स्ट्रेटजी की तुलना करेंगे, तो आपको पता चलेगा कि टॉपर की स्ट्रेटजी अपनाने से आपके समय की बचत होगी!

***टॉपर द्वारा अपनाई गयी स्ट्रेटजी:***

| Attempt | Subject | Max. Qs that can be attempted in corresponding time | Max. achievable score (After negative marking) |
|---|---|---|---|
| 1st (13-15 mins) | English | 16-18 | 12-15 |
| 2nd (20-25 mins) | Reasoning | 21-23 | 12-14 |
| 3rd (20-25 mins) | Quant | 28-32 | 26-28 |
| Total (60 mins) | Overall | 58-69 | 50-57 |

***Table No. 1.4:* SBI PO Prelims 2016 में टॉपर द्वारा अपनाई गयी स्ट्रेटजी**

***अंग्रेज़ी के साथ शुरु करना सर्वश्रेष्ट स्ट्रेटजी क्यों है?***

Quant और Reasoning खंड में आपको calculation करनी होती है, जबकि अंग्रेज़ी में ऐसा नहीं होता है। इसलिए, यदि आप Quants and Reasoning सेक्शन की तरफ बढ़ने से पहले अंग्रेज़ी सेक्शन को संतोष-पूर्वक पूरा कर लेते हैं, तो आप ऐसे ही आधी जंग जीत जाते हैं, क्योंकि:

- आपके अंक कोष में पहले से ही ~15 अंक हो गए।
- अब आप बाकी दो सेक्शन अपने हिसाब से हल कर सकते हैं और शेष 35 अंक प्राप्त करने के लिए अधिक विश्वास के साथ आगे बढ़ सकते हैं।

***"The order in which you answer the sections is important. I always started off with English because I was aware of the fact that this section is a score booster."***



***- Siddharth Jain, SBI PO Topper 2015***

**SBI PO Prelims पत्र को हल करने के लिए toppers की overall स्ट्रेटजी:**

| Best Order of Attempt | Best Time Distribution | Best Aimed Score - Range |
|---|---|---|
| English | 13-15 mins | 12-15 |
| Reasoning | 20-25 mins | 15 |
| Quant | 20-25 mins | 23-20 |
| Overall | 1 hour | 50 |

***Table No. 1.5:* SBI PO Prelims के लिए सर्वश्रेष्ठ स्ट्रेटजी**

## Siddharth Jain के Interview की एक झलक

**प्रश्न 1) SBI PO Prelims परीक्षा के लिए आपकी क्या strategy थी?**

**उत्तर)** सबसे पहले, मैंने पिछले वर्षों के प्रश्नों को देखा। जिससे मुझे प्रमुख टॉपिक्स की जानकारी मिली। फिर मैंने बहुत सारे Mock Tests हल किए, जिससे मुझे अपनी **All India Rank** के द्वारा अपनी तैयारी का आकलन हुआ। **फिर मैंने ऐसे टॉपिक्स select किए जिनको हल करने में कम समय लगे लेकिन अधिक अंक प्राप्त किए जा सकें।** Online Mocks tests लेने के बाद उनका Analysis करना मेरी तैयारी का एक मुख्य हिस्सा था। Analysis से मुझे अपनी कमजोरियों को समझने में मदद मिली।

**प्रश्न 2) आपने syllabus कैसे निपटाया?**

**उत्तर)** 60 मिनट में 100 प्रश्न हल करना असंभव है! वास्तव में, मुझे 60 से ज्यादा प्रश्न पढ़ने में ही कठिनाई हो रही थी। इसलिए, सबसे पहले मैंने ऐसे टॉपिक पहचाने जो आसान हैं और जिन्हें अच्छी रफ्तार के साथ हल किया जा सकता हैं, जैसे Syllogisms, Input-Output, Inequalities, Quadratic Equations, इत्यादि। इस क्रम में पाठ्यक्रम को व्यवस्थित करने से आप हर टेस्ट के साथ cut-off के समीप पहुँचते जाएंगे। उसके बाद कठिन topics को हल करें।

**प्रश्न 3) आपका study-schedule क्या था?**

**उत्तर)** व्यक्तिगत रुप से, मेरा कोई fixed schedule नहीं था क्योंकि मैं साथ में नौकरी भी कर रहा था। साथ ही मैं एक दिन में 12-18 घंटों तक तनाव में रहना पसंद नहीं करता। आप कितना समय देते हैं से भी ज्यादा important है कि दिये गए समय में आप कितने समय तक अच्छी तरह से पढ़ रहे हैं। मैंने खाली समय में बहुत सारे mock tests हल किए और बचा हुआ समय mock tests को analyze करने में लगाया।

लेकिन यदि किसी के पास समय है, तो उन्हें निम्न रणनीति अपनानी चाहिए:

**सुबह एक mock लगाएं -> Mock का अच्छे से Analysis करें -> Current Affairs दोहराएं -> शाम को एक और mock लगाएं -> Mock का Analysis करें -> कमज़ोर टॉपिक्स का revision करें।** ■

# SBI PO PRELIMS 2017

## करें अंग्रेज़ी के लिए टाइम - मैनेजमेंट

*"The essence of self-discipline is to do the important thing rather than the urgent thing."*
*- Barry Werner*

अधिकतम परीक्षाओं में सफ़लता के लिए टाइम मैनेजमेंट बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। जो समय आप प्रश्नों को पढ़ने, उन्हें हल करने और प्रश्नों/सेक्शन के बीच स्विच करने इत्यादि में बिताते हैं, वही आपकी सफलता निर्धारित करता है। **चूँकि SBI PO Preliminary परीक्षा में सेक्शनल समय सीमा नहीं होती, आपको स्वयं ही निर्धारित समय का सर्वश्रेष्ठ उपयोग करना होगा।** बेहतर परिणाम के लिए **आपको प्रत्येक सेक्शन** और यहाँ तक कि **प्रत्येक प्रश्न** के लिए भी समय विभाजन की योजना बनानी होगी।

यह आवश्यक नहीं है कि जो तकनीक आपके मित्र के लिए उत्कृष्ट हो वो आपके लिए भी उपयोगी सिद्ध हो। इसलिए हम आपको SBI PO Prelims 2017 के लिए 2 महत्वपूर्ण टाइम - मैनेजमेंट तकनीक दे रहें हैं, जोकि:
1. **प्रमुख बैंकिंग** परीक्षाओं (SBI, IBPS, IPPB, Indian Bank, इत्यादि) के पिछले वर्षों के **प्रश्नपत्रों के विश्लेषण** से बनायी गयी है।
2. विशेषज्ञों (जिनके पास कई वर्षों से बैंकिंग परीक्षा के प्रश्नपत्रों को तैयार करने का अनुभव है) के पूर्वानुमान के अनुसार **SBI PO Prelims 2017** के अपेक्षित पैटर्न पर आधारित है।
टाइम मैनेजमेंट सीखने से पहले, आप पिछले वर्ष के SBI PO Prelims के अंग्रेज़ी सेक्शन के विश्लेषण पर एक नज़र डालें, जो कि pie chart 2.1 में दिया गया है।

### SBI PO Pre 2016 – अंग्रेजी सेक्शन का पैटर्न




***Pie Chart 2.1:* अंग्रेजी सेक्शन का पैटर्न - SBI PO Pre 2016**

### SBI PO Pre 2017 – अंग्रेजी का अपेक्षित पैटर्न

**इस वर्ष SBI PO परीक्षा का आयोजन IBPS कर रही है** और हम जानते हैं कि IBPS हमेशा परीक्षा पैटर्न को बदलता रहता है। इसलिए केवल पिछले वर्ष के SBI PO Prelims के प्रश्नपत्रों को हल करना और उनके अनुसार रणनीति बनाना पर्याप्त नहीं होगा। इसके बजाय हमें IBPS परीक्षा के अनुसार पूर्वानुमानित पैटर्न को विकसित करना होगा और इसमें सफल होने की रणनीति बनानी होगी।

हाल ही में आयोजित IBPS परीक्षाओं (जैसे IBPS PO, IPPB PO, Indian Bank PO, इत्यादि) के विश्लेषण से हमने SBI PO Pre 2017 के अंग्रेजी सेक्शन के पैटर्न का पूर्वानुमान लगाया है, जो कि pie chart 2.2 में दिया गया है।




***Pie Chart 2.2:* अंग्रेजी परीक्षा का अपेक्षित पैटर्न - SBI PO Prelims 2017**

चलिए अब **दोनों प्रकार के पैटर्न के लिए टाइम मैनेजमेंट टिप्स** समझते हैं।

> ***बेहतर परिणाम के लिए आपको प्रत्येक सेक्शन और प्रश्न के लिए समय-विभाजन की योजना बनानी चाहिए।***

## SBI PO Pre - Time Management टिप्स

***रणनीति 1: SBI PO Prelims 2016 के अनुसार***

हमें अंग्रेजी का सेक्शन 15 मिनट में हल करना है। यदि प्रश्नपत्र SBI PO Prelims 2016 पैटर्न के आधार पर आता है, तो आप table no. 2.3 के अनुसार टाइम मैनेजमेंट करके आसानी से 13-14 अंक प्राप्त कर सकते हैं।

*Accuracy (एक्यूरेसी) का अर्थ है ज़्यादा से ज़्यादा अंक प्राप्त करना। ध्यान रहे, यदि आप 5 में से 5 सवालों को हल करें, जिनमें 3 सही और 2 गलत हों, तो आप 2.5 अंक बटोरेंगे। यदि आप 5 में से बस 3 सवाल हल करें, और तीनों सही हों तो आप 3 अंक बटोरेंगे। ऐसे में 3 सवालों का उत्तर देना आपके लिए बेहतर है और इसमें ज़्यादा accuracy है।*

| Topics | Maximum Marks | No. of Qs That Can be Attempted | Accuracy Aim | Max Marks That Can be Scored | Time Distribution |
|---|---|---|---|---|---|
| Cloze Test | 5 | 3 | 100% | 3 | 3 Mins |
| Error spotting Grammar | 5 | 3 | 100% | 3 | 3 Mins |
| Fill in The Blanks | 5 | 5 | 80% | 4-0.25 = 3.75* | 4 Mins |
| Reading Comprehension | 10 | 3 | 100% | 3 | 4 Mins |
| Parajumbles | 5 | 1 | 100% | 1 | 1 Min |
| Overall | 30 | 15 | Variable | 13.75 | 15 Mins |

***Table No. 2.3: SBI PO Prelims 2016 के पैटर्न पर आधारित समय प्रबंधन, Accuracy, इत्यादि।***

*मान लें कि 'fill in the blanks' में 5 में से 1 गलत हो सकता है।

Table no. 2.3 के अनुसार, आपको इन पाँचों प्रश्नों का उत्तर देना है क्योंकि 'Fill in the Blanks' में गलत होने की संभावना अपेक्षाकृत कम होती है। यदि परीक्षा में आपको इन प्रश्नों का उत्तर देने में कठिनाई होती है फिर भी आपको अधिक से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने की कोशिश करनी चाहिए। कुल मिलाकर, Fill in the Blanks के ज़रिये कम से कम 3.75 अंक प्राप्त करने का लक्ष्य होना चाहिए।

यदि इस वर्ष भी प्रश्न-पत्र पिछले वर्ष के पैटर्न के मुताबिक आता है, तो आपके पास अंग्रेजी सेक्शन के लिए 15 मिनट का समय होगा। अधिकतम अंक प्राप्त करने के लिए, टॉपर की रणनीति के मुताबिक, निर्धारित रूप से विभिन्न प्रश्नों के लिए अपने समय को विभाजित कर लें।

पिछले वर्ष के SBI PO Pre में toppers ने विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के लिए नीचे दी गयी रणनीतियाँ अपनाई:

**A. Cloze test:**

English section को Cloze Test से शुरु करें। पैराग्राफ पढ़कर एक ही flow में cloze test के 5 प्रश्नों के उत्तर देने की कोशिश करें। केवल ऐसे 3 प्रश्नों के उत्तर दें जिनके बारे में आपको लगता है कि आपका उत्तर निश्चित रुप से सटीक है। किसी भी कीमत पर नकारात्मक अंकन (negative marking) से बचने की कोशिश करें। (आप 3 से अधिक प्रश्नों का उत्तर भी दे सकते हैं, लेकिन ऐसा केवल तभी करें जब आप उत्तर के बारे में बहुत अधिक आश्वस्त हों।)

**B. Error Spotting Grammar:**

उसके बाद Error Spotting की तरफ बढ़ें और उन प्रश्नों का उत्तर दें जिनके बारे में आप आश्वस्त हैं। यदि आपने cloze test में 3 से कम प्रश्नों का उत्तर दिया है, तो यहाँ उसकी भरपाई करने की कोशिश करें। यदि आपको लगता है कि आप पर्याप्त रूप से आश्वस्त हैं, तो कम से कम 3 error spotting प्रश्नों का उत्तर दें।

**C. Fill in the blanks:**

अब आप Fill in the blanks पर चले जाइए। आम तौर पर, एक वाक्य में आपको दो रिक्त स्थान (blank space) मिलते हैं और आपको इन रिक्त स्थानों में उन विकल्पों को भरना होगा जो व्याकरणीय तौर पर उपयुक्त हों। याद रखें कि ये शब्द अधिक कठिन नहीं होंगे, मुश्किल भाग यह होता है कि सही विकल्प वाक्य के संदर्भ में उपयुक्त होना चाहिए, अर्थात् आपका उत्तर सार्थक होना चाहिए।

**D. Reading Comprehension:**

अधिकाँश छात्र इसके बाद Parajumble हल करते हैं, लेकिन Parajumble के 5 प्रश्नों को हल करने में आपको 5 मिनट से भी अधिक समय लगेगा। अत: Fill in the Blanks पूरा हो जाने के बाद, Parajumbles की बजाय, RC की तरफ बढ़ें। RC के 10 प्रश्नों में से कम से कम 4 प्रश्न आसानी से हल किए जा सकते हैं। इनमें से 1-2 प्रश्न Facts पर आधारित और 2-3 प्रश्न Vocabulary पर आधारित होंगे। इन प्रश्नों से आप RC में कम से कम 3 अंक score कर सकते हैं।

**E. Parajumbles:**

यदि अंत में आपके पास 1-2 मिनट शेष बचते हैं, तो इस अनुभाग को हाथ लगा सकते हैं। 6 parajumbled वाक्यों को पढ़ने से आप कम से कम प्रथम या/और अंतिम वाक्य पहचान सकते हैं। यदि आप पर्याप्त आश्वस्त महसूस नहीं कर रहे हैं, तो बचा समय आप पिछले किसी भी प्रश्न का उत्तर देने के लिए लगा सकते हैं।

***रणनीति 2: अनुमानित SBI PO Prelims 2017 के अनुसार***

IBPS द्वारा हाल ही में आयोजित परीक्षाओं (IBPS PO, IPPB PO, Indian Bank PO, इत्यादि) का विश्लेषण करके हमने SBI PO Pre 2017 के English Section के पैटर्न का पूर्वानुमान लगाया है, जिसके अनुसार टाइम मैनेजमेंट करके (table no. 2.4) आप आसानी से 15 अंक ला सकते हैं।

**A. Cloze Test:**
इस पैटर्न में Cloze test को पूरा करने में समय लगेगा लेकिन सभी रिक्त स्थानों को हल करने के लिए आपको संपूर्ण लेख पढ़ने की आवश्यकता है, इसलिए धैर्य रखें। तालिका के अनुसार आप सारे 10 प्रश्नों के उत्तर देने की कोशिश कर सकते हैं। सुनिश्चित करें कि आप समय का भी ध्यान रख रहे हैं।

| Topics | Maximum Marks | No. of Qs That Can be Attempted | Accuracy Aim | Max Marks That Can be Scored | Time Distribution |
|---|---|---|---|---|---|
| Cloze Test | 10 | 10 | 80% | 8-0.5= 7.5 | 6 Mins |
| Error spotting Grammar | 10 | 5 | 100% | 5 | 4 Mins |
| Reading Comprehension | 10 | 3 | 100% | 3 | 5 Mins |
| Overall | 30 | 18 | Less Than 100% | 15.5 | 15 Mins |

***Table No. 2.4:* *SBI PO Pre 2017 के पूर्वानुमानित पैटर्न पर आधारित समय प्रबंधन, एक्यूरेसी, इत्यादि।***

**B. Error Spotting:**
10 प्रश्नों में से कम से कम 4-5 प्रश्न व्याकरण संबंधी सामान्य त्रुटियों पर आधारित होते हैं। उन्हें हल करें और आपके 5 अंक सुनिश्चित हो जाएँगे।

**C. Reading Comprehension:**
जैसे कि पहले भी चर्चा की जा चुकी है, आपको केवल Vocabulary और Facts पर आधारित प्रश्नों को हल करना है। इस प्रकार के प्रश्नों के लिए आपको पूरा Passage पढ़ने की ज़रूरत नहीं होती और दिमाग पर ज्यादा ज़ोर भी नहीं देना पड़ता।

इन दो रणनीतियों ने टॉपर और विद्यार्थियों (जिन्होंने Testbook.com पर ऑनलाइन परीक्षा दी है) के score को सुधारने में बहुत मदद की है। यदि आप इन टाइम मैनेजमेंट रणनीतियों को अभ्यास में लाते हैं, तो आप अपनी क्षमता में भारी सुधार पाएंगे।

यदि आप सोच रहे हैं कि Cloze Test, Error Spotting और Reading Comprehension में कैसे अधिकतम अंक प्राप्त किये जाएँ, तो फिर शुरु हो जाइये! आप थोड़े अभ्यास के साथ प्रत्येक प्रकार के प्रश्न को हल करने का बेहतर तरीका ज्ञात कर सकेंगे।




☞ इधर click करें

☞ **Bonus Tip:** परीक्षा में प्रश्नों को पहचानने के लिए Preview करें। "Question paper" का विकल्प आपकी स्क्रीन पर दायें हाथ की तरफ उपलब्ध होगा। "Question Paper" में जाएँ, एक नज़र में प्रश्नों को देखें और प्रत्येक विषय के अंदर आने वाले प्रश्न के क्रमांकों को लिख लें, जैसे cloze test - क्र. 23 से 33 , इत्यादि |एक बार आप विभिन्न प्रश्नों की प्रश्न संख्या को जान जायेंगे, तो आप बड़ी आसानी से विभिन्न प्रश्नों के बीच स्विच कर सकते हैं। इस प्रक्रिया में 30 सेकंड से अधिक समय ना दें। ■

# CLOZE TEST कैसे हल करें -

## स्ट्रेटजी, उदाहरण व Mini Quizzes के साथ

*Cloze Test एक ऐसी कहानी की तरह है जिसमें बीच-बीच से कुछ शब्द delete कर दिए गए हैं| एक बार आपको कहानी समझ आ जाए तो Cloze Test को हल करने में मज़ा आने लगता है|*

### Cloze Test क्या है?

**Cloze Test एक ऐसा passage होता है, जिसमें बीच-बीच से कुछ शब्द हटा दिए जाते हैं, और आपको हर रिक्त स्थान दिए गए विकल्पों की सहायता से भरना होता है|**

अगर आपको passage का सन्दर्भ और प्रवाह समझ आ जाए और अंग्रेज़ी भाषा (व्याकरण और शब्दकोष) पर आपका अच्छा नियंत्रण हो, तो SBI PO Prelims स्तर के cloze test में आप सारे प्रश्न सही हल कर सकते हैं|

लेकिन, अगर अंग्रेज़ी भाषा पर अच्छा नियंत्रण ना हो, तो? ऐसी स्थिति में क्या cloze test हल नहीं करना चाहिए?

बिलकुल करना चाहिए! Cloze Test बैंकिंग परीक्षाओं में English के लिए सबसे स्कोरिंग टॉपिक माना जाता है क्योंकि इसमें आधे से ज्यादा प्रश्न केवल passage के सन्दर्भ से हल हो जाते हैं| दरअसल, अगर आप इस लेख में दिए गए Tricks और Tips को अच्छे से समझ लें, तो आप सिर्फ 5-6 मिनट में Cloze Test हल कर सकते हैं|

### Cloze Test हल करने के Tips

ऐसा माना जा रहा है कि इस साल SBI PO Prelims के cloze test में 10 प्रश्न होंगे| सोचिए, अगर आप ये 10 प्रश्न 5-6 मिनट में हल कर लें, तो अंग्रेज़ी सेक्शन का cut-off तो ऐसे ही निकल जाएगा! ऐसा करने के लिए passage को जल्दी से पढ़ते हुए और **POE (Process of Elimination)** तकनीक की सहायता से गलत विकल्पों को खारिज़ करते हुए सही विकल्प चुनें|

**Process of Elimination or POE is a method of choosing the right option, by removing all the incorrect options one-by-one. Read further to know more.**

SBI PO Prelims परीक्षा में cloze test हल करने के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण बात:- **एक बार में बिना रुके एक sentence पूरा पढ़िए और उसके बाद गलत विकल्पों को खारिज करने के लिए निम्न तरीका अपनाइए| अगर आपको निम्न चीजों की जानकारी है तो आप एक-एक करके सारे गलत विकल्प पहचान सकते हैं:**

#### 1. Part of Speech:

**A noun, a pronoun, a verb, a preposition, a conjunction, an article, etc. are called 'parts of speech'.**

रिक्त स्थान को Part of speech से भरने से पहले आपको पहचानना होगा कि इसमें noun, pronoun, verb, preposition, conjunction या article में से क्या आएगा|

✎ **उदाहरण:**

Mr. Modi has not so far stressed about the _____ of population control in India and has not announced any special measures or policies to check the alarming growth of population level.

A) Important B) Significant C) Importance
D) Pivotal E) Vital

अब एक-एक करके गलत विकल्प हटाते हैं| सबसे पहले ये समझिए कि रिक्त स्थान पर 'Noun' आएगा, क्योंकि उसके पहले एक article (the) है| अब विकल्प देखिए, विकल्प C के अलावा सारे विकल्प Adjective हैं, इसलिए C सही उत्तर है|

#### 2. असंगत विकल्प:

**असंगत का मतलब हुआ ऐसा विकल्प जो passage के सन्दर्भ से अलग है|** Sentence पूरा पढ़ने के बाद आपको आभास होगा कि एक से ज्यादा विकल्प ऐसे हैं जो या तो वाक्य का अर्थ उलट देते हैं

या जिनका passage से कोई सम्बन्ध नहीं है| ऐसे विकल्पों को आप आसानी से खारिज़ कर सकते हैं|

**उदाहरण:**
Economists generally believe that high rates of inflation and hyperinflation are ______ by an excessive growth of the money supply.

A) Brought B) Caused C) Resulted in
D) Placated E) Disoriented

यहाँ 'Disoriented' बिलकुल ही अप्रासंगिक है, उसी तरह 'Placate', जिसका मतलब होता है, 'गुस्सा शांत करना' भी sentence के हिसाब से अप्रासंगिक है| अतः हम इन दो विकल्पों को आसानी से खारिज़ कर सकते हैं| अब आपको केवल बचे 3 विकल्पों में से उत्तर पता करना है| आइए आगे और भी tips देखते हैं, जिनसे आप बचे विकल्पों में से भी सही उत्तर पता कर पाएंगे|

### 3. निकटतम शब्दों के साथ प्रासंगिकता:

ऐसे विकल्प को भी खारिज़ कर सकते हैं जो रिक्त स्थान के पहले या बाद में प्रयुक्त 'Article', 'Preposition' or 'Determiner' के संगत नहीं हैं|

ऊपर दिए उदाहरण में विकल्प 1 सही हो सकता था, यदि यह phrasal verb के form (जैसे 'brought about') में होता| 'Are resulted in' व्याकरणीय तौर पर गलत है क्योंकि 'in' का प्रयोग 'by' के पहले नहीं कर सकते| इसके अलावा 'resulted' का प्रयोग अपेक्षित शब्द से उल्टा अर्थ दे रहा है, क्योंकि 'inflation' से 'growth of money' संभव नहीं है| अतः ये दोनों विकल्प खारिज़ किए जा सकते हैं|

अतः, 'caused' सही उत्तर है जो कि 'by' के साथ भी सही से बैठता है|

### 4. 'Subject' (यानी 'कर्ता') से प्रासंगिकता:

**Subject is the main noun or pronoun in a sentence. This noun or pronoun is generally doing an action. E.g. Ram is the 'Subject' in *Ram is playing.***
कई बार ऐसे विकल्प होंगे जो sentence के meaning के हिसाब से रिक्त स्थान में ठीक बैठते हैं लेकिन sentence के subject (कर्ता) के हिसाब से सही नहीं हैं|

**उदाहरण:**
The ______ of flowers spreads only in the direction of the wind. But the goodness of a person spreads in all directions.

A) Odour B) Smell C) Beauty D) Fragrance
E) Aroma

ऊपर दिए उदाहरण में 'odour' को तो सीधे खारिज़ कर सकते हैं, क्योंकि यह अपेक्षित शब्द के अर्थ से उल्टा है| 'beauty' को भी खारिज़ कर सकते हैं, क्योंकि यह हवा के साथ नहीं फैलती| अब बचे हुए विकल्प 'smell', 'fragrance' and 'aroma' हैं जोकि एक जैसे हैं| लेकिन यहाँ 'flowers' (जोकि प्रधान कर्ता है) के लिए 'fragrance' शब्द का प्रयोग होता है|

### 5. Linkers:

कुछ विकल्प इसलिए भी खारिज़ किए जा सकते हैं कि वे पिछले या अगले sentence के साथ ठीक नहीं बैठ रहे|

**उदाहरण:**
Thailand had acquired a burden of foreign debt that made the country effectively bankrupt even before the collapse of its currency. As the crisis spread, most of Southeast Asia and Japan saw _____ currencies, devalued stock markets and other asset prices, and a precipitous rise in private debt.

A) Rising B) Increasing C) Failing
D) Slumping E. Improving

दिए गए sentence में बताया गया है कि 'due to the crisis, there was a devaluing of stock markets and increase in private debt'. इसलिए मुद्राओं का अवमूल्यन ही हुआ होगा| जिसको 'slumping' से प्रदर्शित कर सकते हैं| यहाँ ध्यान देने वाली बात ये है कि पिछले sentence में बताया गया है कि देश कर्ज़े में डूबा था, इसलिए सारे विकल्प जो उन्नति (जैसे 'rising' या 'improving') की बात करते हैं, खारिज़ किए जा सकते हैं|

### 6. फ़ालतू के शब्द:

फ़ालतू के शब्द वे हुए जो repetitive हैं| कभी-कभी ऐसे शब्द विकल्प में दिए होते हैं जिनके समान अर्थ वाले शब्द पहले से ही रिक्त स्थान के पहले या बाद में होते हैं|

**उदाहरण के लिए certain/sure/guaranteed/essential के साथ Absolutely का प्रयोग:**
अगर कोई चीज़ 'certain' है तो उसके पहले 'absolute' लगाने की कोई ज़रूरत नहीं है| क्योंकि certain/sure/guaranteed/essential आदि शब्दों का अर्थ पहले से ही absolute (यानि निश्चित) है, उनके साथ 'absolutely' का प्रयोग अनुचित भी है और अनावश्यक भी|

ऐसे ही और जोड़े जोकि अनावश्यक हैं: Actual fact, Past history, Cousin brother, Plan ahead, Postpone until later, Unexpected surprise, Unintentional mistake, Written down, Still remains, Protest against, Revert back, New beginning, Repeat again, Protruded out, But nevertheless, etc.

### 7. Preposition के साथ अप्रासंगिकता:

कुछ verbs (क्रियाओं) के साथ preposition की ज़रूरत नहीं होती, इसलिए यदि रिक्त स्थान के पहले या बाद में कोई preposition हो, तो ऐसे विकल्पों को खारिज़ कर सकते हैं|

✐ **उदाहरण:**

The import ______ of coffee, mangoes and rice.

A) Insists B) Comprises C) Consists
D) Contains E) Incorporates

यहाँ विकल्प के बाद 'of' (एक preposition) है, अत: ऐसे विकल्प (जैसे 'Comprise' और 'Contains') खारिज़ हो जायेंगे जिनके साथ preposition प्रयोग नहीं होता| यहाँ 'incorporates' और 'insists' का प्रयोग अप्रासंगिक है| अत:, 'consists' सही विकल्प होगा|

Verb व Preposition के कुछ और ऐसे जोड़े जो गलत माने जाते हैं: Discuss के बाद About, Emphasise के बाद On, Despite के बाद Of, Await के बाद For, Seek के बाद For, आदि|

आइए, अब ऊपर सीखे tips का प्रयोग करके एक ऐसा cloze test हल करते हैं, जिस प्रकार के प्रश्न आजकल SBI परीक्षा में पूछे जाते हैं:

**Directions: Below, a passage is given with five blanks labelled (A)-(J). Below the passage, five options are given for each blank. Choose the word that fits each blank most appropriately in the context of the passage, and mark the corresponding answer.**

Cyber risk is a ___(A)___ concern for businesses. Insurance can play a role to boost resilience, but firms will need to work with their insurers to create a market that is sustainable.

Recent attacks demonstrate that the costs of a cyber breach can accumulate well beyond managing the fallout of lost or corrupted data. Risks also include ___(B)___ damage to a firm's ___(C)___ and physical property, which could lead to physical danger, as well as disruption to business operations. Even so, businesses – large and ___(D)___ – are generally well prepared to ____(E)____ with cyber threats, the latest sigma report ___(F)___. Regulation could be a catalyst for change: legislation is coming on-stream in many jurisdictions that will compel firms to introduce enhanced safeguards for their customers' private information or face sanctions should they ___(G)___ of required standards. But these regulations won't address the full scale of risk, and firms cannot afford to wait for changes in laws. They need to invest more in their own cyber security architecture today.

A key challenge for insurers and companies is the complexity of cyber risks and quantifying their associated losses. Insurers and risk analytics vendors are ___(H)___ with different approaches to cyber risk modelling, but there is still work to do. In the meantime, product and process innovations like greater use of smart analytics that can improve threat detection and risk assessment. This will help foster improved cyber insurance solutions and extend available cover to a wider set of ___(I)___.

As part of that, insurers are looking to develop less complex and more flexible insurance products. These include covers that can be tailored to small and medium-sized businesses, which have historically been underserved by insurance and are often less able to cope with cyber risks than larger firms. Firms are also becoming more comfortable sharing information, which will be crucial if insurers are to do a better job at assessing and underwriting cyber risk. To ensure a viable private cyber insurance market, both firms and their insurers will need to walk hand in hand for ___(J)___ sustainable products.

**1) Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (A)?**

अब एक-एक विकल्प देखते हैं:

1) Increasing → × [Reason: रिक्त स्थान से पहले 'a' है, इसलिए vowel से शुरू होने वाला शब्द नहीं आएगा]
2) Flickering → × [Reason: यह विकल्प 'concern' शब्द से अप्रासंगिक है]
3) Growing → √ [Reason: 'growing' 'concern' एक बेहतर युग्म है]
4) Multiplying → × [Reason: 'Concern' uncountable noun है जबकि 'Multiplying' countable nouns के साथ प्रयोग होता है]
5) Rapid → × [Reason: यह विकल्प 'concern' शब्द से अप्रासंगिक है]

**Ans. 3**

**Solution:** ऊपर दिए गए कारणों को देखते हुए और Process of Elimination लगाकर हम आसानी से अपने सही उत्तर Option 3) 'growing' तक पहुँच सकते हैं|

**2) Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (B)?**

अब एक-एक विकल्प देखते हैं:

1) Plausible → × [Reason: Subject (कर्ता) से असंगत है]
2) Impenetrable → × [Reason: अप्रासंगिक है]

3) Improbable → × [Reason: अप्रासंगिक और विलोम शब्द]
4) Potential → √ [Reason: Process of Elimination के द्वारा बचा अकेला विकल्प]
5) Harmful → × [Reason: फ़ालतू का शब्द, क्योंकि 'damage' हमेशा ही 'harmful' होता है]

**Ans. 4**

**Solution:** *'plausible'* का अर्थ *'reasonable'* या *'probable'* होता है, जो कि sentence के सन्दर्भ के हिसाब से सही होना चाहिए लेकिन *'plausible'* का प्रयोग statements और arguments के साथ किया जाता है| जैसे A *plausible explanation* या A *plausible argument.* हमें यहाँ ऐसा शब्द चाहिए जो 'damage' के पहले लगकर उसे ठीक से पूर्ण करें| 'Potential' सही विकल्प है क्योंकि यह 'possible damage' के अर्थ को सही तरीके से वर्णित करता है|

**3) Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (C)?**

Looking at the options,
1) Building → × [Reason: फालतू का शब्द]
2) Ego → × [Reason: असंगत]
3) Rapport → × [Reason: Rapport के साथ हमेशा 'with' preposition प्रयोग होता है]
4) Future → × [Reason: असंगत]
5) Reputation → √ [Reason: Process of Elimination के द्वारा बचा अकेला विकल्प]

**Ans. 5**

**Solution:** Physical property पहले ही sentence में दिया गया है, इसलिए 'Building' को खारिज़ कर सकते हैं| 'Rapport' (जिसका अर्थ होता है, अच्छे संबंध) के बाद हमेशा 'with' का प्रयोग होता है| अत: Option 5) 'Reputation' सही उत्तर है|

**4) Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (D)?**

1) Singular → × [Reason: असंगत (अप्रासंगिक)]
2) Huge → × [Reason: असंगत (उल्टा शब्द)]
3) Conspicuous → × [Reason: असंगत (उल्टा शब्द)]
4) Small → √ [Reason: Process of Elimination के द्वारा बचा अकेला विकल्प]
5) Microscopic → × [Reason: असंगत (Firms कभी भी 'microscopic' नहीं हो सकतीं)]

**Ans. 4**

**Solution:** चूँकि यह cyber risk के बारे में सामान्य लेख है, यह सब तरह की कंपनियों की बात करेगा, चाहे उनका कुछ भी size हो| इसलिए, सही विकल्प 'large' का विलोम होना चाहिए| इससे विकल्प 'huge' और 'conspicuous' खारिज़ हो जायेंगे| अत:, 'small' बेहतर विकल्प है|

**5) Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (E)?**

1) Survive → × [Reason: प्रासंगिक है, लेकिन preposition 'with' के साथ इसका प्रयोग गलत है]
2) Cope → √ [Reason: Process of Elimination के द्वारा बचा अकेला विकल्प]
3) Handle → × [Reason: प्रासंगिक है, लेकिन preposition 'with' के साथ इसका प्रयोग गलत है]
4) Prepare → × [Reason: असंगत है]
5) Ignore → × [Reason: असंगत है (उल्टा शब्द)]

**Ans. 2**

**Solution:** यहाँ 'cope' सही विकल्प है, क्योंकि इसका प्रयोग 'with' के साथ सही है|

**6) Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (F)?**

1) Narrated → × [Reason: असंगत, क्योंकि 'narrated' का प्रयोग कहानियों के साथ किया जाता है]
2) Said → √
3) Says → √
4) Both 1) and 2) → × [Reason: क्योंकि विकल्प 1 गलत है]
5) Both 2) and 3) → √

**Ans. 5**

**Solution:** Narration का प्रयोग stories के साथ होता है, यहाँ रिपोर्ट की बात की गयी है, जो कि facts से संबंधित होती है| 'Said' और 'says' दोनों का प्रयोग सही है|

**7) Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (G)?**

1) Fulfill → × [Reason: असंगत (उल्टा शब्द)]
2) Take down → × [Reason: यह रिक्त स्थान के बाद दिए preposition 'of' के साथ सही नहीं बैठता]
3) Fall short → √
4) Satisfy → × [Reason: 'Satisfy' के बाद 'the required standards' आना चाहिए ना कि 'of required standards']
5) Take up → × [Reason: यह रिक्त स्थान के बाद दिए preposition 'of' के साथ सही नहीं बैठता]

**Ans. 3**

**Solution:** किसी भी कंपनी पर 'sanctions' (यानि प्रतिबन्ध) तभी लगते हैं, जब या तो वो कुछ गलती करे या अपने targets पूरे ना कर पाए, इससे विकल्प 1) और 4) खारिज़ हो जाते हैं| 'Take down' का अर्थ है, कोई चीज नष्ट करना, जोकि असंगत है| 'Falling short' का मतलब होता है, कि target पूरा ना कर पाना| इसलिए विकल्प 3 सही विकल्प है|

**8) Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (H)?**

1) Trying → × [Reason: प्रासंगिक है, लेकिन preposition 'with' के साथ इसका प्रयोग गलत है]

2) Experimenting → √
3) Fiddling → × [Reason: असंगत (उल्टा शब्द)]
4) Gauging → × [Reason: असंगत (अप्रासंगिक)]
5) Failing → × [Reason: Preposition 'with' के साथ इसका प्रयोग गलत है]

**Ans. 2**

**Solution:** रिक्त स्थान के बाद sentence में 'still work to do' लिखा है, जिसका आशय है कि प्रयास अभी चालू है, इसलिए 'failing', यानि कि असफल होना सही विकल्प नहीं हो सकता| 'To gauge' का अर्थ होता है, संख्या का आकलन करना, जो कि प्रासंगिक नहीं है, क्योंकि risk गिनी नहीं जा सकती| 'Trying के बाद 'with' का प्रयोग गलत है| 'Fiddling' का अर्थ होता है, धोखा देना, जो कि प्रासंगिक नहीं है| अत: Option 2) 'Experimenting' सही विकल्प है|

**9) Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (I)?**

1) Policyholders → √
2) Insurers → × [Reason: असंगत, क्योंकि insurers (बीमाकर्ता) ग्राहकों को कवर करेंगे ना कि खुद को|
3) People → × [Reason: 'People' एक सामान्य शब्द है और Insurance के सन्दर्भ में 'Policyholders' एक बेहतर शब्द है]
4) Both 1) and 2) → × [Reason: क्योंकि विकल्प 2 गलत है]
5) Both 2) and 3) → × [Reason: क्योंकि विकल्प 2 और 3 दोनों ही गलत हैं]

**Ans. 1**

**Solution:** बीमा कंपनियां जनता या ग्राहकों को कवर करती हैं, ना कि खुद को, अत: विकल्प 2 गलत है| अत: विकल्प 4 और 5 भी अपने आप गलत हो गए| विकल्प 1 और 3 में, 'Policyholders' बेहतर विकल्प है क्योंकि यह passage के हिसाब से उन 'people' (लोगों) की बात करता है, जिनको बीमा कवर मिलता है, ना कि सारे लोगों की, अत: विकल्प 1 सही उत्तर है|

**10) Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (J)?**

1) Constructing → × [Reason: यह विकल्प Subject (कर्ता), 'Sustainable products', के हिसाब से गलत है, क्योंकि प्रोडक्ट्स construct नहीं किए जाते]
2) Creation → × [Reason: यह शब्द प्रासंगिक है लेकिन गलत Part of Speech के रूप में है, यहाँ एक 'verb' की ज़रूरत है, ना कि 'noun' की]
3) Operation → × [Reason: प्रसंग के हिसाब से यह गलत Part of Speech है, यहाँ एक 'verb' की ज़रूरत है]
4) Creating → √
5) Using → × [Reason: प्रसंग के हिसाब से यह गलत Part of Speech है, यहाँ एक 'verb' की ज़रूरत है]

**Ans. 4**

**Solution:** बीमा कम्पनियों और कम्पनियों को साथ काम करके इस मार्केट को स्थायी बनाना होगा| इसलिए, दिए गए preposition 'for' के सन्दर्भ में सबसे सही विकल्प 'creating' है| अत: विकल्प 4 सही है|

## आइए अभ्यास करें:

**Below, a passage is given with ten blanks labelled (A)-(J). Below the passage, five options are given for each blank. Choose the word that fits each blank most appropriately in the context of the passage, and mark the corresponding answer.**

The Minister of State for Agriculture Tariq Anwar had said that as per estimates by the Central Statistics Office, the share of agricultural products/agriculture and allied sectors in the country's Gross Domestic Product (GDP), which was 51.9 per cent in 1950-51, has come down to 13.7 per cent in 2012-13. That __ (A) __ is abysmally low for a sector that employs about 50 per cent of the country's population. However, this is mainly due to the farmers' __ (B) __ to generate income from their crops and __ (C) __ their growing debt.

CropIn, a farming technology solutions startup founded by a Bangalore software engineer, provides agri- businesses the technology and __ (D) __ to create a smarter and safer food supply for consumers around the world.

CropIn offers __ (E) __ on a cloud-based platform, integrated with a mobile app for Android. Called Smart Farms, it allows large food companies to track the __ (F) __ of crops on farms around the country with details about what the crop is and the conditions it is grown in to help companies __ (G) __ monitor farms, __ (H) __with farmers and make every crop transparent and traceable. It also aids farmers in __ (I) __ global agricultural practices and improves __ (J) __ by offering productivity insights and harvest forecasts.

**Q1. Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (A)?**

A) Statistics B) Information C) Contribution
D) Data E) Yield

**Q2. Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (B)?**

A) Ability B) Inability C) Unability
D) Disable E) Unable

**Q3. Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (C)?**

A) Remote B) Intensify C) Enhance
D) Curb E) Increase

**Q4. Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (D)?**

A) Expertise B) Experience C) Knowledge
D) Information E) Data

**Q5. Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (E)?**

A) Knowledge B) Funding C) Technology
D) Expertise E) Information

**Q6. Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (F)?**

A) Growth B) Reduction C) Expression
D) Bumper E) Area

**Q7. Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (G)?**

A) Close quarters B) Closely C.) Remotely
D) Farther E) Away

**Q8. Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (H)?**

A) Order B) Interact C) Talk
D) Share E) Speak

**Q9. Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (I)?**

A) Adapting B) Adept C) Adopting
D) Adopt E) Adapt

**Q10. Which of the following words most appropriately fits the blank labelled (J)?**

A) Gains B) Productivity C) Efficiency
D) Introduction E) Reproduction

**Answer Key:**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.C | 2.B | 3.D | 4.A | 5.E | 6.A | 7.C |
| 8.B | 9. C | 10. B | | | | |

इस प्रकार के अन्य प्रश्न व उनके solutions विस्तार में हमारी website व app पर आपके अभ्यास के लिए उपलब्ध हैं। Testbook.com पर जाइए, या download करिए Testbook App और अपनी तैयारी को बेहतर बनाइए।



# ERROR SPOTTING कैसे हल करें -

## स्ट्रेटजी, उदाहरण व Mini Quizzes के साथ

*Error Spotting प्रश्न हल करने के लिए एक छात्र की तरह न सोचकर अगर एक परीक्षक का दृष्टिकोण अपनाएं तो Error spotting आपके लिए काफी मज़ेदार बन जाएगा।*

IBPS की सभी परीक्षाओं में Error spotting सबसे ज़्यादा पूछे जाने वाले टॉपिक्स में से है। इन प्रश्नों में अच्छा स्कोर करने के लिए 'Parts of Speech' के प्रासंगिक प्रयोग के साथ-साथ बुनियादी व्याकरण की जानकारी भी आवश्यक होती है।

इस वर्ष SBI PO Prelims में 5-10 error spotting प्रश्न आने की संभावना है। टॉपर की रणनीति अपनाकर आप error spotting में आसानी से 4 मिनट में 10 में से 5 अंक ला सकते हैं। आइए अब हम error spotting प्रश्नों को हल करने की tips सीखते हैं।

### Error Spotting प्रश्नों को हल करने के Tips

#### a) व्याकरण के सबसे basic errors को ढूंढें:

इन प्रश्नों में कई बार बहुत ही सरल गलतियां होती हैं, और हम उनको नज़रंदाज़ कर देते हैं, इसलिए सबसे पहले grammar के सबसे basic error की जांच करें। ये error 'conjunctions' (जैसे, 'not only', 'but also') की एक जोड़ी में या वाक्य की संरचना में हो सकते हैं। लेकिन यदि आप पहले से ही इनपर ध्यान दें तो इन्हें आसानी से पकड़ा जा सकता है। चलिए कुछ **common errors** पर एक नज़र डालें।

**1. No Sooner...than/Scarcely...when**

**a. 'No sooner' के बाद हमेशा 'than' आता है।**

No sooner had the bell rung when the students started leaving the classroom. **(Incorrect)**

No sooner had the bell rung than the students started leaving the room. **(Correct)**

**b. यदि वाक्य present tense (वर्तमान काल) में हो तो 'No sooner' के बाद हमेशा 'does/do' or 'has/have' का प्रयोग होता है। इसके विपरीत, जब वाक्य past tense (भूत काल) में हो तो 'did' or 'had' का उपयोग होता है।**

No sooner are the boys marching than the whistle blows. **(Incorrect)**

No sooner do the boys march than the whistle blows. **(Correct)**

**c. 'Scarcely' और 'hardly' के बाद 'when' का प्रयोग होता है ना कि 'than' का।**

Hardly had the teacher left the room than the pupils started enjoying. **(Incorrect)**

Hardly had the teacher left the room when the pupils started enjoying. **(Correct)**

**2. As**

**a. 'Appointed', 'elected', 'considered', 'called' आदि verbs के साथ 'As' का प्रयोग नहीं किया जाता, लेकिन 'regard' के साथ इसका प्रयोग किया जाता है।**

He was elected as Secretary of the organisation. **(Incorrect)**

He was elected Secretary of the organisation. **(Correct)**

**b. 'As if' के साथ हमेशा 'were' का प्रयोग किया जाता है चाहे third person एकवचन क्यों ना हो। 'As if' का प्रयोग तब किया जाता है जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे की तरह दिखता है या दिखने की कोशिश करता है।**

She behaves as if she was a queen. **(Incorrect)**

She behaves as if she were a queen. **(Correct)**

**3. Let**

**'Let' के बाद pronoun के objective रूप का प्रयोग किया जाता है।**

(Objective रूप = Me, Her, Him, Them, etc.)

Let I show it. **(Incorrect)**

Let me show it. **(Correct)**

### 4. Infinitives

Infinitives का मतलब है - "to + verb". E.g. to eat, to drink, etc.

**a. 'Know', 'when', 'what' जब infinitive के पहले आएं, तब 'how' का प्रयोग किया जाता है।**

I know to speak English **(Incorrect)**

I know how to speak English **(Correct)**

**b. Infinitive (यानि to + verb) में 'verb' और 'to' हमेशा एक साथ आते हैं।**

She agreed to quickly and quietly leave the room. **(Incorrect)** [यहाँ पर 'to' और 'verb' एक साथ नहीं हैं, जो कि गलत है]

She agreed to leave the room quickly and quietly. **(Correct)**

### 5. One/One of:

**a. यदि 'one' का प्रयोग pronoun की तरह किया गया हो तो उसे पूरे वाक्य में बनाए रखना चाहिए।**

One must respect his elders. **(Incorrect)**

One must respect one's elders. **(Correct)**

**b. 'One of' के बाद हमेशा noun का plural form ही लिखें**

She is one of the least important person in the office. **(Incorrect)**

She is one of the least important people in the office. **(Correct)**

### 6. Lest/Such:

**a. 'Such' के बाद हमेशा 'as' होना चाहिए।**

He is such a writer that everybody should read his books. **(Incorrect)**

He is such a writer as everybody should read his books. **(Correct)**

**b. 'Lest' के बाद में या तो 'should' होना चाहिए या कुछ नहीं होना चाहिए।**

Work hard lest you will fail. **(Incorrect)**

Work hard lest you should fail. **(Correct)**

Work hard lest you fail. **(Correct)**

### 7. Unless:

**'Unless' एक शर्त को व्यक्त करता है और इसका भाव हमेशा नकारात्मक होता है, इसलिए 'unless' के साथ कभी भी 'not' का प्रयोग नहीं करते।**

Unless you do not work hard, you will not excel in the examination. **(Incorrect)**

Unless you work hard, you will not excel in the examination. **(Correct)**

## b) सभी parts of speech में Error की जांच करें:

अगर आपको प्रश्न में कोई भी common error नहीं मिलते, तो आपका अगला चरण होना चाहिए कि आप वाक्य के parts of speech को एक-एक करके जांचें। जाँचने का निम्नलिखित क्रम होना चाहिए:

### 1. Subject and Object [Noun/Pronoun]

Nouns और Pronouns में आप आसानी से ग़लतियाँ पता कर सकते हैं, noun व pronoun में इन जगहों पर errors ढूढें:

- Noun/Pronoun की संख्या/लिंग
- Subject (कर्ता) और Pronoun का सही संयोजन
- Pronoun का सही form [Subjective form (I, She, He, They, We, etc.)/Objective form (Me,Her, Him, Them, Us, etc.)

### Nouns

**1. कुछ nouns हमेशा singular verb के साथ प्रयोग किए जाते हैं।**

E.g. Advice, scenery, stationery, mathematics, news

Mathematics are a difficult subject. **(Incorrect)**

Mathematics is a difficult subject. **(Correct)**

**2. कुछ nouns ऐसे हैं जिनके साथ verb का plural form प्रयोग किया जाता है।**

E.g. Cattle, peasantry, people, clergy, police, scissors, trousers, spectacles, thanks, premises, etc.

The Police has come **(Incorrect)**

The Police have come **(Correct)**

**3. जब noun के पहले किसी संख्या का प्रयोग 'लम्बाई', 'पैसा', 'संख्या' या 'वजन' इत्यादि की 'माप' के लिए होता है, और उसके बाद भी कोई Noun या Pronoun होता है तो noun का singular रुप प्रयुक्त होता है।**

E.g. Million, pair, metre, year, dozen, foot, head.

This is a nine-metres cloth. **(Incorrect)** [noun 'cloth' follows the measurement]

This is a nine-metre cloth. **(Correct)**

**4. जब noun के पहले किसी संख्या का प्रयोग 'लम्बाई', 'पैसा', 'संख्या' या 'वजन' इत्यादि की 'माप' के लिए होता है, लेकिन उसके बाद कोई Noun या Pronoun नहीं होता, तो noun का plural रुप प्रयुक्त होता है।**

E.g. Million, pair, metre, year, dozen, foot, head.

This sari is nine yard long. **(Incorrect)** [No noun is used after the unit of measure]

This sari is nine yards long. **(Correct)**

**5. Collective nouns जब एक इकाई को प्रदर्शित करते हैं तो उनका singular रुप प्रयोग होता है और जब वे विचार या श्रेणी में अंतर को प्रदर्शित करते हैं तो वे plural हो जाते हैं।**

E.g. Public, team, committee, government, audience, orchestra, company, jury.

The public were unanimous in their opinion. **(Incorrect)** [Same opinion]

The public was unanimous in its opinion. **(Correct)**

The jury was divided in its opinion. **(Incorrect)** [Different opinion]

The jury were divided in their opinion. **(Correct)**

## Pronouns

**1. 'Who' (कौन) का प्रयोग subject के रूप में और 'whom' (किससे) का प्रयोग object के रूप में होता है।**

Whom do you think won the competition? **(Incorrect)**

Who do you think won the competition? **(Correct)**

Who did you talk to? **(Incorrect)**

Whom did you talk to? **(Correct)**

**2. 'everybody', 'everyone', 'anybody', और 'each' के साथ आने वाले Noun/ Pronoun/ Verb हमेशा Singular (एकवचन) रूप में आते हैं।**

Each of the boys in the class has finished their tasks. **(Incorrect)**

Each of the boys in the class has finished his task. **(Correct)**

**3. जब एक वाक्य में कई सारे pronouns होते हैं, तो pronouns का क्रम इस प्रकार से होना चाहिए: second person + third person + first person.**

Raju, I and you have finished the work. **(Incorrect)**

You, Raju and I have finished our studies. **(Correct)**

**4. कभी-कभी Pronoun ऐसी भी जगह प्रयोग किया जाता है जहाँ इसकी आवश्यकता नहीं होती है। अनावश्यक pronoun को हटा दें।**

He, being an M.A., he is overqualified for the position. **(Incorrect)**

He, being an M.A., is over qualified for the position. **(Correct)**

## 2. Determiners

जब आप noun या pronoun में errors ढूंढते है, तो साथ ही determiner भी चेक कर लेना चाहिए, क्योंकि सामान्यत: 'determiner' noun या pronoun के पास ही रहता है। निम्नलिखित errors ढूँढें:

- Articles (a/an/the/no article)
- Noun or Pronoun की संख्या से संबंधित (Countable/Uncountable)

## Determiners

**1. 'Some' का प्रयोग सकारात्मक (affirmative) वाक्य में Quantity को व्यक्त करने के लिए किया जाता है। 'Any' का प्रयोग नकारात्मक या interrogative वाक्यों में किया जाता है।**

I shall buy some books. **(Correct)**

I shall not buy any books. **(Correct)**

Have you bought any books? **(Correct)**

**लेकिन जब interrogative वाक्य में अनुरोध होता है तो 'some' का प्रयोग किया जाता है।**

Will you please give me some water? **(Correct)**

**2. 'Less' का प्रयोग Quantity (मात्रा) को और 'few' का प्रयोग संख्या को व्यक्त करने के लिए किया जाता है।**

No less than twenty people were invited. **(Incorrect)**

No fewer than twenty people were invited. **(Correct)**

## 3. Verb

Common errors और determiners के बाद, verbs में errors ढूढें, चलिए देखते हैं कि verb में क्या-क्या ग़लतियाँ हो सकती हैं:

- Tense
- Subject-Verb Agreement
- Non-finite Verbs [Infinitives (to + verb), Participles (Verb + ing), Gerund (Verb + ing)]
- Modals
- Phrasal Verbs (Verbs + Prepositions)

## Subject-Verb Agreement

**1. जब दो nouns 'either...or' या 'neither... nor' या 'or' से जुड़े होते हैं तब verb और pronoun बाद में आने वाले noun के हिसाब से प्रयोग किए जाते हैं।**

Either my father or my sister will use their credit card. **(Incorrect)**

Either my father or my sister will use her credit card. **(Correct)**

**2. जब दो nouns 'along with' या 'as well as' से जुड़े होते हैं तब verb और pronoun पहले आने वाले noun के हिसाब से प्रयोग किए जाते हैं।**

Mansi, along with her students, were on their way to the movies. **(Incorrect)**

Mansi, along with her students, was on her way to the movies. **(Correct)**

**3. यदि plural subject किसी निश्चित राशि या मात्रा या समयावधि को व्यक्त करता है तो verb एकवचन रुप में प्रयोग**

**की जाती है।**

Eighty kilometres are a good distance. **(Incorrect)**

Eighty kilometres is a good distance. **(Correct)**

Five hours is a long duration. **(Correct)**

**4. जब दो singular (एकवचन) nouns 'and' द्वारा जुड़े होते हैं और उनके पहले 'each' या 'every' होता है तो pronoun और verb का भी एकवचन रूप प्रयोग किया जाता है।**

Each man and each boy must be rewarded for their good deeds. **(Incorrect)**

Each man and each boy must be rewarded for his good deeds. **(Correct)**

**5. 'Many a' के बाद में हमेशा singular verb होगा।**

Many a man were influenced by the speech. **(Incorrect)**

Many a man was influenced by the speech. **(Correct)**

**6. 'the number of' के साथ singular और 'a number of' के साथ plural verb का प्रयोग किया जाता है।**

A number of changes were made in the report. **(Correct)**

The number of buildings is very low. **(Correct)**

## 4. Preposition

10 में से 3 errors prepositions से संबंधित होंगे, इन्हें ढूंढने के लिए ध्यान रखें:

- Place/Space को दर्शाने वाला Preposition (e.g. at, in, on, etc.)
- Time को दर्शाने वाला Preposition (e.g. for, since, by, etc.)
- Direction/Movement को दर्शाने वाला Preposition (e.g. towards, into, etc.)
- Compound preposition (e.g. beforehand, above, along, inside, behind, etc.) का सही प्रयोग

### Prepositions

**1. 'Since' समय के निश्चित बिंदु को दर्शाता है और 'for' समय की अवधि को दर्शाता है।**

He has been reading the book since three hours. **(Incorrect)**

He has been reading the book for three hours. **(Correct)**

## 5. Conjunction:

लम्बे वाक्यों में सामान्यतः conjunctions की error होने की संभावना होती है।

- Conjunction का सही प्रयोग चेक करें [Additional/contrast/result/reason/time/purpose/condition/etc.]
- Check the correct pair of 'correlative conjunctions'. [Either...or, neither... nor, not only... but also, hardly.. when, no sooner...than, etc.]

### Conjunctions

**1. सामान्यतः हम 'since', 'because', 'as', 'for' में से किसी का भी प्रयोग कर लेते हैं, हालांकि इनकी डिग्री में अंतर होता है। मजबूत स्थितियों में 'since' और 'because' का प्रयोग किया जाता है। कमजोर स्थितियों में हम 'as' और 'for' का प्रयोग करते हैं।**

I respect him as he is the best teacher. **(Incorrect)**

I respect him because he is the best teacher. **(Correct)**

**2. 'When' सामान्य अर्थ को दर्शाता है, जबकि 'while' क्रिया की अवधि को दर्शाता है।**

When learning how to sing, technique is of utmost importance. **(Incorrect)**

While learning how to sing, technique is of utmost importance. **(Correct)**

## 6. Adjective and Adverbs:

सामान्यतः, adjectives और adverbs सभी जगह मौजूद नहीं होते लेकिन जब होते हैं तो निम्न errors को ढूंढना चाहिए:

- Degree of Comparison.
- Adjectives का सटीक प्रयोग [Adjective of Quantity (more, less, etc.), Quality (big, beautiful, etc.), Number (few, some, etc.), Demonstration (this, that, these, etc.), Distributive (each, every, etc.)]
- Adverbs का सटीक प्रयोग
- Adverbs जैसे दिखने वाले adjectives (e.g. cowardly, niggardly, miserly, etc.)

### Adjectives

**1. जब दो या दो से अधिक adjectives एक ही व्यक्ति या वस्तु के गुण को दर्शाते हैं, तो सभी adjectives समान डिग्री में होने चाहिए।**

Bhanu is more intelligent and wise than Manu. **(Incorrect)**

Bhanu is more intelligent and wiser than Manu. **(Correct)**

**2. 'Elder' परिवार के सदस्यों के लिए प्रयोग किया जाता है।**

Suyash is my older brother. **(Incorrect)**

Suyash is my elder brother. **(Correct)**

**'Older' असंबंधित व्यक्ति तथा वस्तु के लिए प्रयोग किया जाता है।**

Raju is elder than all other boys of this class. **(Incorrect)**

Raju is older than all other boys of this class. **(Correct)**

**3. आमतौर पर comparative degree के साथ 'than' का प्रयोग**

**किया जाता है, लेकिन superior, inferior, senior, junior, prior, anterior, posterior और prefer आदि शब्दों के साथ 'to' का प्रयोग किया जाता है।**

Gandhi is preferred than Nehru. **(Incorrect)**

Gandhi is preferred to Nehru. **(Correct)**

## Adverbs

**Adverbs और adjectives के बीच में confuse मत होइए। Adjective, subject की जबकि adverb, verb की विशेषताओं का वर्णन करता है।**

The horse looked beautifully. **(Incorrect)**

The horse looked beautiful. **(Correct)**

**कभी-कभी adjective को adverb समझ लिया जाता है जबकि वास्तव में वो adjective ही होता है और उसका प्रयोग adjective की तरह ही करना चाहिए।**

E.g. Miserly, Cowardly, etc.

She was a cowardly woman who never stood up for herself. **(Correct)**

## आइए अभ्यास करें:

**Read the sentences to find out whether there is any error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part is the answer. If there is no error, the answer is (E). Ignore errors of punctuation, if any.**

1. The code will help facilitate credit for (A)/ both large enterprises as well as smaller (B)/ ones which have suffered (C) the most under laws like the Sarfaesi Act. (D)/ No error (E)
2. What joy it was to lose (A)/ myself in that garden of (B)/ flowers, to happily wander from spot to spot (C)/ chasing a beautiful butterfly. (D)/ No error (E)
3. Choose whichever of those (A)/ you are comfortable (B)/ with, but let I illustrate (C)/it with a single example. (D)/ No error (E)
4. The Council would survive without the (A)/ three of them: Sasha, who'd sold (B)/ out long ago; Kris, who needed (C)/ to die; and him, who Andre'd kill as soon as he killed Kris. (D)/ No error (E)
5. Even the poor student is (A)/ taught only political economy, while that (B)/ economy of living which is synonymous(C)/ at philosophy is not even sincerely professed in our colleges.(D)/ No error (E)
6. Researchers who study regulation and its effects (A)/ on business said there have been numerous (B)/ instances in which regulation (C)/speeds along, rather than impede, technological progress. (D)/ No error (E)
7. In the past few decades, we've seen how technology (A)/ has threatened the old order in cultural businesses, (B)/ including the decimation of the music industry, death of the cable (C)/ subscription and the annihilation of newspapers.(D) No error (E)
8. The firm's directors called a meeting (A)/with their consultants (B)/to discuss about the proposal (C)/ put forward by their rivals (D)/ No Error (E).
9. The Central Government should know to (A)/ deal with those minority political parties (B)/ that indulge in caste based politics (C)/ for their own benefit. (D)/ No error (E)
10. Whenever a known picky buyer (A)/ enters a shop (B)/ every salesperson secretly exhale (C)/ a sigh of despair. (D)/ No error (E)

Answer key:

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. B | 2. C | 3.C | 4.D | 5.D | 6.D | 7.C |
| 8.C | 9.A | 10. C | | | | |

इस प्रकार के अन्य प्रश्न व उनके solutions विस्तार में हमारी website व app पर आपके अभ्यास के लिए उपलब्ध हैं। Testbook.com पर जाइए, या download करिए Testbook App और अपनी तैयारी को बेहतर बनाइए।



# READING COMPREHENSION कैसे हल करें - स्ट्रेटजी, उदाहरण व Mini Quizzes के साथ

*SBI PO परीक्षा में आने वाला Reading Comprehension बहुत लम्बा और समय लेने वाला होता है लेकिन एक बार आप RC हल करने की सही तरकीब समझ लें, तो आप इसमें मास्टर हो सकते हैं...!*

बहुत सारे छात्र बैंकिंग परीक्षा में आने वाले Reading Comprehension प्रश्नों को छोड़ देते हैं क्योंकि RC में उनका काफी समय लग जाता है। **आइये, टॉपर छात्रों की ऐसी तकनीक को सीखते हैं जिससे आप केवल 4-5 मिनट खर्च करके RC प्रश्नों में 4-8 अंक प्राप्त कर सकते हैं।**

अब आपको RC की लम्बाई और विषय से डरने की आवश्यकता नहीं है, **बस याद रखिए कि,**

1. सारे RC एक common पैटर्न follow करते हैं।
2. आपको केवल मुख्य बिन्दुओं पर ध्यान देने की आवश्यकता है।
3. आपको केवल उन प्रश्नों को देखना है, जिन्हें आप key words की मदद से आसानी से हल कर सकते हैं।

## Step-by-step Guide to Solve RC

### Step 1: Read

Passage के main idea को समझने के लिए पहला paragraph पढ़ें और keywords को रफ़ पेपर पर लिखें। (याद रखिए कि यह कार्य आपको केवल 2 मिनट में करना है।)

**Keywords ऐसे शब्द होते हैं जो आपको पहली नज़र में ही महत्वपूर्ण लगते हैं। keywords की सहायता से, आप संपूर्ण RC को कम समय में पढ़कर इसके main idea को समझ सकते हैं।**

Keywords निम्नलिखित प्रकार के हो सकते हैं:

**A. Main Subject -** मुख्य विषय जिसके इर्द-गिर्द RC लिखा गया होता है, यह एक noun हो सकता है।

**B. Doer (कारक) -** यह RC की विषयवस्तु से सम्बंधित महत्वपूर्ण व्यक्ति/समुदाय/क्रिया इत्यादि हैं, जो main subject हो भी सकते हैं और नहीं भी।

**C. Linkers -** 'Additionally', 'Moreover', 'However', 'Furthermore' आदि शब्द 'linkers' हैं, जो कई बार ऐसे विचारों को जोड़ते हैं जिन्हें संक्षेप में पढ़कर आपको संपूर्ण लेख की जानकारी हो जाती है।

### Step 2: Using Keywords

Keywords आपको RC से सम्बंधित 'What', 'Who', 'Whom', 'Where', 'When', 'Why', 'How' आदि प्रश्नों के उत्तर देंगे। इनकी मदद से आप तथ्यों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर आसानी से दे सकते हैं।

### Step 3: Answering the Questions

- पहले 2 paragraph पढ़ने के बाद आपको लेख का main idea समझ आ जाएगा। अब पहला प्रश्न और उसके विकल्प पढ़ें। क्या आप सही उत्तर जानते हैं? यदि हाँ, तो उत्तर को mark कीजिए।
- द्वितीय प्रश्न का उत्तर देने के पहले, अगले paragraph एक नज़र फेरें। आपको गहराई से पढ़ने की आवश्यकता नहीं है, केवल keywords इकठ्ठा करने के लिए पर्याप्त पढ़ें।
- अब द्वितीय प्रश्न को देखें। क्या आप उत्तर जानते हैं? यदि हाँ, तो प्रश्न का उत्तर दीजिए। यदि नहीं, तो keywords को जांचिए। क्या ये आपको उत्तर के बारे में कोई संकेत दे रहे हैं? यदि हाँ, तो लेख के उस भाग में जाएं और keywords के आसपास के वाक्यों को पढ़ें।
- लेकिन यदि आपको कोई उचित keyword नहीं मिल रहा है, तो चेक करें कि क्या पहले प्रश्न का उत्तर आपके keywords के प्रयोग से दिया जा सकता है।

यदि हाँ, तो प्रश्न का उत्तर दें। यदि नहीं, तो अगले प्रश्न की तरफ बढ़ें। याद रखें कि आपको 10 में से 4 प्रश्नों का उत्तर देने की कोशिश करनी है। ज्यादा प्रश्नों के उत्तर तभी दें जब आप उत्तरों के बारे में आश्वस्त हों। अन्यथा, आगे बढ़ें।

**अब इसी प्रक्रिया को दोहराएं: Read → Keywords का उपयोग → Answer → अगले प्रश्न की ओर बढ़ें।**

इस प्रकार आप passage पढ़ते हुए साथ ही साथ प्रश्नों के उत्तर भी दे सकते हैं|

**Keywords कैसे पहचानें?**

**SBI PO Pre के Reading Comprehension** में पूछे जाने वाले सामान्य विषय:

a. Infrastructure (मूलभूत व्यवस्था) (e.g. Roads & Transport in China, Water Scarcity in Africa, etc.)

b. Environment (पर्यावरण) (e.g. Air Pollution in Delhi, Global Warming & Its Effect on Economies, Arsenic contamination in West Bengal, etc.)

c. Social Issues (सामाजिक मुद्दे) (e.g. Empowering Women through Education, Overpopulation & Gender Skew, Facilities for Visually impaired) - **SBI PO Pre 3rd July 2016**

d. Banking and Technology (बैंकिग और तकनीक) (e.g. Mobile Banking, Cyber Security, etc.)

e. Finance & Economy (वित्त और अर्थव्यवस्था) (e.g. India's GDP, China's Employment Issues, Human Development Index,etc.) - **SBI PO Pre 3rd July 2016**

f. Business & Markets (व्यवसाय और बाजार) (e.g. Stock Market Collapses, Brexit's Effect on European Trade, Trump's effect on Indian I-T sector etc.)

g. Other Science & Technology Topics (e.g. ISRO's space mission, GSLV Mk. III, etc.) - **SBI PO Pre 9th July 2016**

प्रारंभ में आपको keywords ढूंढ़ने और लिखने में समय लगेगा लेकिन समय के साथ आपकी गति में वृध्दि होगी और आप बहुत जल्दी keywords ढूंढ़ने में सक्षम होंगे| ऐसा समय भी आयेगा जब आपको keywords लिखने की ज़रूरत ही नहीं होगी, और आप RC को पढ़ते ही keywords समझ जाएंगे|

चलिए एक RC के माध्यम से keywords पता करना सीखते हैं|

**Moral hazard** is a problem that crops up frequently in economics. **People behave differently if they do not face the full costs or risks of their actions:** deposit insurance makes customers less careful about choosing their banks, for example.

Moral hazard can **also** be **second-hand. Take medicine.** A patient with private insurance may be happy to sit through extra tests, and a doctor may be happy to order them. Doctors might be more reluctant to order tests if they know that the patient would bear the full cost.

**प्रथम दो paragraph के Keywords नीचे दिए गए हैं। साथ ही कारण भी बताया गया है कि कोई शब्द keyword के रुप में महत्वपूर्ण क्यों है:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| P1 | K1: Moral Hazard [WHAT?] | K2: People [WHO?] | K3: behave differently [ACTION] | K4: if [LINKER - Condition] |
| | K5: they d the full costs or risks of their actions [WHY?] | | | |
| P2 | K1: Also [LINKER - Additional point] | K2: Second-hand [2nd ACTION] | K3: Take [LINKER - Example] | K4: Medicine [EXAMPLE of 2nd ACTION] |

**A newly published paper** sets out to **test this** secondary problem by examining a common-enough situation—**taking a taxi ride in a strange city.** The authors, a trio of academics at the University of Innsbruck, sent researchers on 400 taxi rides, covering 11 different routes, in Athens, Greece. In all cases, the researchers indicated they were not familiar with the city. But in half the cases, the researchers indicated that their employers would be reimbursing them for the journey. The researchers in the latter group were 17% more likely to be overcharged for their trip and paid a fare that was, on average, 7% higher.

The **most common** form of overcharging was not, as might be expected, taking a longer route. People on expenses may be less concerned about the cost of a ride but they still care how long it takes. Instead, passengers were subject to bogus surcharges (a fee for airport pick-up, for example) or charged the night-time fare in the daytime.

There was **also** a difference between the way that taxi drivers treated different sexes. Women were overcharged more frequently than men. But they were overcharged whether or not the driver knew they were travelling on expenses (the difference between the extent of overcharging was not statistically significant). Drivers may be tempted to overcharge, the authors believe, because members of the higher-fare sex are less likely to complain.

***यदि आप keywords ढूंढना सीख जाएं तो आप लम्बे से लम्बा RC भी केवल 5 मिनट में हल कर पाएंगे|***

**अब कोष्ठकों में दिये सुझावों की सहायता से keywords पता करते हैं|**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| P3 | K1: A newly published paper [SOURCE] | K2: test [ACTION] | K3: this [LINKER - Points to previous] | K4: taking a taxi ride in a strange city [HOW?] |
| P4 | K1: most common [LINKER - #1 Reason] | K2: _____ [ACTION] | K3: _____ [LINKER - Contradiction] | K4: _____ [LINKER - Contradiction Follows] |
| P5 | K1: also [LINKER - #2 Reason] | K2: _____ [ACTION | K3: _____ [WHOM? Note: The sentence is passive] | K4: _____ [LINKER - Contradiction] |
| | K5: _____ [LINKER - Cause] | | | |

आप ध्यान दें कि paragraph 1 और paragraph 2 में अधिकतर keywords nouns हैं। इसका कारण यह है कि प्रथम दो paragraph को हमने ध्यान से पढ़ा है। paragraph 3, 4 और 5 में अधिकतर Keywords linkers हैं (अर्थात् linking words हैं जिनसे हमें वाक्य में क्या हो रहा है इसे समझने में सहायता मिलती है)। इन paragraphs में हम 'Who', 'What', 'Why', 'Where', 'When', 'Whom', और 'How' इन प्रश्नों के उत्तर देने पर कम ध्यान देंगे। इसके बजाय, हम linking words पर ध्यान देते हैं क्योंकि यह हमें विवरण में ले जाए बिना संपूर्ण चित्र प्रदान करते हैं। जिससे, हमें केवल वह भाग गहराई से पढ़ने की आवश्यकता होती है, जिससे प्रश्न सम्बंधित होता है। यह हमारा समय भी बचाता है, और हमें लेख को बार-बार पढ़ने की मेहनत से भी बचाता है।

**याद रखें: "करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।<br>रसरी आवत जात ते सिल पर पड़त निसान।।"**

आपको इसे समझने के लिए कुछ RC पर इस तकनीक को लागू करना पड़ेगा, निरंतर अभ्यास से ही आप इस प्रक्रिया में माहिर हो पाएंगे। एक बार आप इस method में माहिर हो जायेंगे, तो यह आपको RC भाग में बेहतर अंक लाने में मदद करेगा। चलिए अब एक अन्य उदाहरण को देखें और उसकी सहायता से प्रश्नों को हल करने की कोशिश करें।

**उदाहरण पर नज़र डालने से पहले चलिए हम उन प्रश्नों के प्रकार समझते हैं जो आमतौर पर RC में पूछे जाते हैं:**

**1. तथ्य पर आधारित:** तथ्यों पर आधारित प्रश्नों का उत्तर सीधे लेख पर निर्भर करता है। ऐसे हर प्रश्न को हल करने के लिए ज्यादा से ज्यादा 30 seconds का समय लगता है। इसलिए ऐसे प्रश्नों पर नज़र रखें। 10 में से कम से कम 2-3 प्रश्न तथ्य पर आधारित प्रश्न होते ही हैं।

**2. शब्दावली पर आधारित:** कुछ प्रश्न शब्दावली (Voacbulary) पर आधारित होते हैं जहाँ समानार्थक और विलोम शब्द पूछे जाते हैं। शब्दावली पर आधारित प्रश्न सामान्यत: आसान होते हैं लेकिन इन प्रश्नों को सावधानी से हल करिए क्योंकि प्रासंगिक (Contextual) अर्थ प्रचलित अर्थ से अलग हो सकता है। इन प्रश्नों को समझने के लिए आपको पूछे गए शब्द के पहले और बाद के प्रासंगिक अर्थ को समझने के लिए एक या दो sentence पढ़ने चाहिए। इस प्रकार के प्रश्न के लिए प्रति प्रश्न औसतन 40-45 second देने होते हैं।

**3. निष्कर्ष पर आधारित:** 10 में से 1-2 प्रश्न निष्कर्ष पर आधारित होते हैं। ये प्रश्न थोड़े कठिन होते हैं और आपको दिमाग लगाना पड़ सकता है। इन प्रश्नों को हल करने के लिए केवल paragraph को पढ़ना भर पर्याप्त नहीं होता। आपको लेखक के दृष्टिकोण को समझने की भी ज़रूरत होती है, अत: आपको पूरा RC पढ़ने की आवश्यकता हो सकती है। इसलिए इन्हें हल करने में समय लग सकता है, अत: यदि English आपका strong विषय नहीं है तो या तो इन्हें छोड़ दें या अंत में हल करें।

**4. मुख्य विचार और स्वर पर आधारित:** 10 में से 0-1 प्रश्न मुख्य विचार वाले होते हैं। ये प्रश्न कभी-कभी ही पूछे जाते हैं और इनको हल करने के लिए आपको RC का मुख्य विचार समझना होता है, जिसके लिए पूरा RC पढ़ना होता है। हो सकता है कि किसी RC में केवल 1 या 2 paragraph पढ़कर ही मुख्य विचार प्राप्त हो जाए। हालांकि, यदि आपके पास पर्याप्त समय नहीं है तो इन प्रश्नों को हल करना उचित नहीं होगा।

**अब देखते हैं कि प्रथम 2 प्रकार के प्रश्नों को कैसे हल करना है।**

**Q1. What has helped Tomorrow Group acquire more wealth?**

1. Economic policies
2. Market strategies
3. Advertising
4. Political connections
5. Market regulations

**Ans: 4**

**Solution:** *Mr Xiao, the head of a sprawling investment company called Tomorrow Group, is one of China's wealthiest men, worth at least $6bn. And he made a lot of his money through political connections.*

ऊपर लिखी lines से सही उत्तर मिलता है, लेकिन पहले दो paragraphs में हमें कहीं भी Tomorrow Group नहीं मिला। लेकिन पहले 2 paragraphs को पढ़ने के बाद ही यह निश्चित कर सकते हैं कि उत्तर इनमें नहीं है। तीसरे paragraph के अंत में हमें 'Tomorrow Group' मिलता है, अब हमें केवल उस लाइन को पढ़ना है और इस प्रश्न का उत्तर देना है।
अत: यह तथ्य पर आधारित प्रश्न है लेकिन RC के अगले paragraph पर निर्भर है।
**(Easy to attempt)**

**Q2. What image does the Chief Securities regulator have currently?**

1. Strict bureaucrat
2. Mild mannered bureaucrat
3. Soft spoken bureaucrat
4. Innovative economist
5. President's friend

**Ans: 1**

**Solution:** *"We will not allow such 'giant crocodiles' to 'flay the skin and suck the blood' of retail investors." said Liu Shiyu, the chief securities regulator, belying his earlier reputation as a mild-mannered bureaucrat.*

इस प्रश्न का उत्तर पहले paragraph की अंतिम लाइन में मिलता है। इस लाइन में लिखा है कि 'the chief securities regulator now has an aggressive image as compared to his previous image of a mild mannered bureaucrat.' अत: यह प्रश्न भी तथ्य पर आधारित है और इसका उत्तर सीधे-सीधे RC पर नज़र डालकर दिया जा सकता है।

**(Easy to Attempt)**

**Q3. Who has got a record punishment in China for economic crimes?**

1. Xiao Jianhua
2. Xu Xiang
3. Chen Jianhe
4. Liu Shiyu
5. Cinda Securities

**Ans: 2**

**Solution:** *On January 23rd Xu Xiang was found guilty of market manipulation. He was sentenced to five-and-a-half years in jail and fined 11bn yuan ($1.6bn), a record in China for economic crimes.*
Thus, option 2 is the correct answer.

हालांकि यह प्रश्न पहले दो paragraph देख कर हल नहीं किया जा सकता, लेकिन विकल्पों में दिए गए नामों को आप एक ही नज़र में passage में खोज सकते हैं। अत:, यह भी सीधे तथ्य पर आधारित प्रश्न है और इस प्रश्न का उत्तर आधे मिनट में दिया जा सकता है।

**(Easy to Attempt)**

**Q4. What is the main idea behind the passage?**

1. The stock market in China is facing recession.
2. China's government is actively supporting the growth of the economy.
3. China's economy is facing problems because of market manipulators.
4. China's government is actively trying to eliminate market manipulators.
5. None of the above.

**Ans: 4**

**Solution:** The entire passage is not about the stock market crash. It is only a fact mentioned in the passage. Thus option 1 can be eliminated.

A government will obviously support the growth of the economy. However, the above passage is not based on this premise.
The problems that the economy faces because of market manipulators have not been enumerated in the passage. Thus it does not form the main idea.

The passage is about how the government is actively trying to eliminate the manipulators from the market. Thus it forms the main idea of the passage.

इस प्रश्न का उत्तर केवल एक या दो paragraph पढ़कर नहीं दिया जा सकता क्योंकि यह निष्कर्ष पर आधारित प्रश्न है। अत: शुरुआत में आपको इन प्रश्नों को छोड़ देना चाहिए और बाद में यदि समय बचे तो वापस आकर इन प्रश्नों को हल करना चाहिए।

**(Difficult to Attempt)**

**Q5. What does the phrase 'take with a pinch of salt' mean?**

1. Take in a humorous way
2. Take as a compliment
3. Take in an appreciating way
4. Take in a disbelieving manner
5. Believe completely

**Ans: 4**

**Solution:** The phrase 'take with a pinch of salt' means to not believe something completely. Thus, 'take in a disbelieving manner' is the most appropriate meaning from the given options.

यह प्रश्न vocabulary (शब्दावली) पर आधारित है और इसे केवल पहले दो paragraph पढ़कर हल किया जा सकता है। लेकिन प्रश्न थोड़ा कठिन है और आपको लेख में इसके प्रासंगिक प्रयोग को समझने की आवश्यकता है। यदि आप paragraph 2 को ठीक से पढ़ें तो इसका अर्थ निकालना संभव है।

**(Moderately difficult to Attempt)**

**Q6. Who can be inferred to be protected by the government?**

1. Market manipulators
2. Political bureaucrats
3. Retail investors
4. Speculative stocks
5. Cannot be inferred

**Ans: 3**
**Solution:** *'We will not allow such 'giant crocodiles' to 'flay the skin and suck the blood' of retail investors." said Liu Shiyu, the chief securities regulator.*
The steps taken by the government to eliminate market manipulators is solely to protect the retail investors and reduce the effect of speculation in the market. Thus option 3 is the correct answer.

ये प्रश्न भी निष्कर्ष पर आधारित लगता है, पर वास्तव में ये तथ्य पर आधारित है। केवल पहले paragraph को पढ़कर आप आसानी से इस प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं। अत: यह भी एक आसान प्रश्न है।
**(Easy to Attempt)**

**Q7. What is the meaning of the word 'shenanigans'?**

1. Activity
2. Dishonest activity
3. Mischief
4. Fortune
5. Connections

**Ans: 2**
**Solution:** The meaning of the word 'shenanigans' is 'secret or dishonest activity'.

यह vocabulary (शब्दावली) पर आधारित प्रश्न है और RC पढ़कर ही इसका उत्तर दिया जा सकता है। लेकिन ये प्रश्न पेचीदा हो सकते है और आपको 'shenanigans' के नकारात्मक स्वर को समझने के लिए highlight किए गए शब्द के आगे और पीछे की lines ढंग से पढ़ने की ज़रूरत है। इसके बाद आपको सही उत्तर मिल जाएगा।अत: यह भी एक आसान प्रश्न है।
**(Easy to Attempt)**

**Q8. What is a synonym for the word 'miscreants'?**

1. Reprobate
2. Guilty
3. Culpable
4. Innocent
5. Wicked

**Ans: 1**
**Solution:** 'Miscreant' is a noun that means 'a person who has done something wrong or unlawful'. Thus the correct synonym would be 'reprobate'. 'Innocent' is opposite of the meaning. The other words given are adjectives.

यह भी vocabulary पर आधारित प्रश्न है। हालांकि यह प्रश्न आसान है, फिर भी 'miscreant' के नकारात्मक स्वर को समझने के लिए highlight किए गए शब्द के आगे और पीछे की lines पढ़नी चाहिए। फिर PoE तकनीक को लागू करके आप आसानी से सही उत्तर तक पहुँच सकते हैं। इसलिए यह भी एक आसान प्रश्न है।
**(Easy to Attempt)**

**Q9. What is the opposite of the word 'tentative'?**

1. Speculative
2. Conjectural
3. Hesitant
4. Doubtful
5. Definite

**Ans: 5**
**Solution:** The word 'tentative' means 'uncertain' or 'not fixed'. Thus all the words except 'definite' are synonyms of the given word. The correct answer is option 5.

यह भी vocabulary पर आधारित प्रश्न है और highlight किए गए शब्द के आगे और पीछे की lines पर एक नज़र डालने भर से इसे हल किया जा सकता है।
**(Easy to Attempt)**

**Q10. What can be the reason for the market to be described as swampy?**

1. It will take time to eliminate market manipulators.
2. The market is dirty.
3. The presence of market manipulators.
4. Corruption in politics.
5. Both 3 and 4.

**Ans: 5**
**Solution:** The stock market is described to be 'swampy' due to the presence of market manipulators and the corruption in politics both of which help such manipulators to thrive. Thus option 5 is the correct answer.

यह निष्कर्ष पर आधारित प्रश्न है और इसे हल करने के लिए संपूर्ण paragraph को पढ़ने की आवश्यकता है। अत: यदि आपके पास कम समय है तो आपको इसे छोड़ देना चाहिए।
**(Difficult to Attempt)**

नीचे इस RC के 10 प्रश्नों का analysis और छात्रों को उन्हें हल करने के लिए सामान्यतः लगने वाला समय दिया गया है:

- Reading 2 paragraphs and making notes for keywords: **2-3 Mins**
- Time taken to solve all 6 'Easy to Attempt' Questions: **4-5 Mins (40 seconds per question)**
- Time taken to read extra paragraphs or lines: **2 Mins**
- Total time taken: **8-10 Mins**

**नियमित अभ्यास से आप total time को घटाकर आसानी से 5-6 Mins तक ला सकते हैं।**

**Tips:**

- यदि आपके पास समय कम है, तो सीधे Vocabulary questions (i.e. Synonym, Antonym and Phrase Meaning) पर जाएँ।
- संदर्भ को समझने के लिए RC में शामिल बोल्ड शब्द/वाक्यांशों के ऊपर और नीचे की लाईने पढ़ें।
- इन प्रश्नों में याद रखने वाली महत्वपूर्ण बात यह है कि इनमें कठिन शब्द नहीं पूछे जाते। अत: इन प्रश्नों का उत्तर देने के लिए केवल शब्दों के आसपास की लाइनों को पढ़ना भर पर्याप्त होता है।
- संदर्भ को पढ़े बिना इन प्रश्नों के उत्तर **न दें**, क्योंकि विकल्प इस तरीके के होंगे जिससे आपसे गलती हो जाए।
- कुछ **तथ्य पर आधारित प्रश्नों** का उत्तर RC में मुख्य noun को ढूंढ़ कर या/और इसके पहले या बाद की एक-दो लाइनों को पढ़कर भी दिया जा सकता है।

## आइए अभ्यास करें:

**Directions: Read the passage given below and then answer the questions given below the passage. Some words may be highlighted for your attention. Pay careful attention.**

India has slipped 3 places to 92nd rank on the global index of talent competitiveness that measures how countries grow, attract and **retain** talent, a list topped by Switzerland. India's ranking is worst among the five BRICS countries.While China was ranked at the 54th place, Russian Federation was placed two ranks below China, followed by South Africa at 67th and Brazil 81st. Switzerland topped the overall index, followed by Singapore and the United Kingdom in second and third places respectively, in the list released on Monday by INSEAD Produced in partnership with The Adecco Group and the Human Capital Leadership Institute of Singapore (HCLI). Others in the top 10 include the United States (4th), Sweden (5th), Australia (6th), Luxembourg (7th), Denmark (8th), Finland (9th) and Norway (10th).

Last year, India came in at 89th on the index. The report noted that the BRICS countries are not getting stronger and both China and India have slipped from their year-ago rankings. "Although China attains an impressive 4th place in the sub-pillar of Talent Impact and is solid in the Grow pillar mainly supported by good formal education (23rd) and lifelong learning (20th), the shortage of vocational and technical skills shows up clearly," the report said.

While India stood on a relatively solid pool of global knowledge skills compared with other emerging markets, the country is not able to retain and attract talent. In terms of retaining and attracting talent, India was ranked at a lowly 104th and 114th, respectively. "This is not likely to improve until India boosts performance in its regulatory (94th) and market (99th) landscapes," the report said. It further said that overall, a challenge for countries such as China and India is to attract talent from abroad, particularly in the context of large emigration rates of high-skilled people.

India has been able to create a stable pool of global knowledge skills, but it has suffered in the 'Retain' pillar (104th). "Although diasporas have been engaged successfully in some industries, a great deal of talent continues to leave the country, and thus India still experiences a **brain drain,**" the report added.

Meanwhile, the index also released the first-ever global ranking of cities on the basis of their reputation and growing footprint in attracting, growing, and retaining global talent. Mumbai was the only Indian city that has made it to this coveted list, topped by Copenhagen. The top 10 global cities in terms of talent competitiveness include Zurich, Helsinki, San Francisco, Gothenburg, Madrid, Paris, Los Angeles, Eindhoven and Dublin.

**Q1. What is Russia's rank on the global index of talent competitiveness?**

1) 89th
2) 56th
3) 92nd
4) 54th
5) 52th

**Q2. What was India's last year rank?**

1) 89th
2) 90th
3) 91st
4) 92nd
5) 93rd

**Q3. Which was the only Indian city to have made to the coveted list of first- ever global ranking of cities?**

1) New Delhi
2) Kolkata
3) Chennai

4) Mumbai
5) Bangalore

**Q4. Why does India have a low rank when it comes to attracting talent?**

1) India is an under developed country and hence cannot attract talent.
2) India has too much talent of its own and hence does not bother to attract outside talent.
3) Because of strong regulations against outsiders and markets that are not outsider friendly.
4) India does not have a low rank when it comes to attracting talent.
5) India is a developing economy and the rules and regulations are only for the betterment of the citizens.

**Q5. According to the passage, what allows a country to grow?**

1) Open research funding
2) Open markets and regulations favoring foreign talent
3) Good vocational and technical skills training
4) Investments in education
5) Good formal education and lifelong learning

**Q6. From the given options choose the correct description of the countries in the top 10 of the list.**

1) Countries at war
2) Third world
3) Underdeveloped
4) Developing
5) Developed

**Q7. From the given options choose the correct synonym for the highlighted word 'retain'.**

1) Recollect
2) Remember
3) Abandon
4) Preserve
5) Desert

**Q8. From the given options choose the correct antonym for the highlighted word 'emigration'.**

1) Migration
2) Propagation
3) Immigration
4) Defection
5) Exodus

**Q9. What is the meaning of the highlighted phrase 'brain drain'?**

1) The action of draining the brain after death.
2) The emigration of highly trained or qualified people from a particular country.
3) The immigration of highly trained or qualified people from a particular country.
4) The loss of brain activity due to a surgery or life threatening disease.
5) When brains in laboratory work are poured down the drain.

**Q10. What is the main idea of the passage?**

1) A summary of the report on the global index of talent competitiveness.
2) What is global index of talent competitiveness.
3) How countries are suffering from brain drain.
4) India's position in the global index of talent competitiveness.
5) China's position global index of talent competitiveness.

**Answer key:**
1) 2 2) 1 3) 4 4) 3 5) 5 6) 5 7) 4
8) 3 9) 2 10) 1

इस प्रकार के अन्य प्रश्न व उनके solutions विस्तार में हमारी website व app पर आपके अभ्यास के लिए उपलब्ध हैं। Testbook.com पर जाइए, या download करिए Testbook App और अपनी तैयारी को बेहतर बनाइए।



# SBI PO PRELIMS 2017
## Word List & Memory Tips

*संसार के सब शब्दों का अर्थ जानना शायद असंभव है। फिर भी, आइए जानें कुछ ऐसे words जो सुनने में तो एक से हैं पर उनके अर्थ अलग-अलग हैं। इतना ही नहीं, सीखिए शब्दों का अर्थ याद रखने की एक नई तरकीब!*

Vocabulary (शब्दावली) Building का अर्थ यह नहीं है कि आप शब्दकोष रट लें और ज़रूरत पड़ने पर शब्दों के अर्थ भूल जाएं। आप जब भी कोई नया शब्द कहीं पढ़ें, तो लेख के संदर्भ में उसका प्रासंगिक अर्थ समझें। यह तकनीक आपको Reading Comprehension के Vocabulary आधारित प्रश्न हल करते समय बहुत मदद करेगी।

### How to Remember meaning of Words

हिन्दी की ही तरह अंग्रेज़ी भाषा में भी बहुत सारे शब्द हैं, और अगर अंग्रेज़ी आपकी प्राथमिक भाषा नहीं है तो आपको उसके थोड़े से ही शब्दों के अर्थ मालूम होंगे। किसी भी भाषा में पकड़ के लिए व्याकरण के साथ-साथ Vocabulary भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में एक जैसे दिखने वाले शब्द जिनके अर्थ अलग होते हैं, में बहुत छात्र गलतियाँ करते हैं। अगर आप अंग्रेज़ी में कमज़ोर हैं, तब भी आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है!

आइये SBI PO परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण एक जैसे दिखने वाले कुछ शब्दों के अर्थ याद रखने की तरकीब सीखें:

**1. Complement vs Compliment**

**Complement** *(noun, verb)*
**Hindi translation: पूरक**
**Memory Tip:** Comple + ment → To Complete + mend (mend का अर्थ होता है = repair) → To complete.
अत: कम्पलीट करने वाला पूरक '**comple**ment' होता है।



**Use in Sentence:** The new flavours added by the chef **complemented** the dish.

**Compliment** *(noun,verb)*
**Hindi translation: प्रशंसा**
**Memory Tip:** Compliment → Comply + ment → (Comply का अर्थ होता है = मानना) → "अत: मानना पड़ेगा, सर!" एक **compli**ment है।



**Use in Sentence:** She was **complimented** for her good work.

**2. Fastidious vs Factious**

**Fastidious** *(adjective)*
**Hindi Translation: नकचढ़ा, आलोचनात्मक**
**Memory Tip:** जब कोई व्यक्ति Fastidious होता है, अत: आलोचना करता है, तो वो अक्सर fast-fast बोलता है।



**Use in Sentence:** Kim becomes **fastidious** upon seeing dirty floors. She likes neat and tidy homes.

**Factious** *(adjective)*
**Hindi translation:** **विभाजित OR झगड़ालू**
**Memory Tip:** Factious 'fractions' (= भिन्न) की तरह साउंड करता है। Faction का असल अर्थ होता है 'division'.



**Use in Sentence:** The Party members were **factious** on choosing the new leader.

### 3. Divulge vs Deluge

**Divulge** *(verb)*
**Hindi translation:** **प्रकाशित करना (announce करना)**
**Memory Tip:** Divulge → Div + ulge → Divaar + Urge → दीवारों के भी कान होते है, तो suppress your urge to divulge my secrets to anyone.



